वर्ष 24, अंक 304, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 11 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## युद्ध विराम!

### या फिर से और कोई नई चाल

आतंक की कमर तोड़ी, पाक का मनोबल...





## कोई भी आतंकी हमला हुआ तो माना जाएगा युद्ध!

**नई दिल्लीः** पाकिस्तान के नाकाम हमलों की कोशिशों के बीच भारत सरकार ने शनिवार (10 मई,2025) को बड़ा फैसला किया है. भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान को साफ संदेश देते हुए कहा गया है कि अगर भारत में कोई भी आतंकी हमला होता है तो इसे युद्ध माना जाएगा. सरकार के शीर्ष सूत्रों की ओर से बताया गया है कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध कार्रवाई माना जाएगा. इसी के साथ ऐसी किसी भी कार्रवाई का उसी के हिसाब से जवाब दिया जाएगा.

सरकार के फैसले से साफ हो चुका है कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह के आतंकी हमले को भारत में अंजाम दिया जाता है तो उसे युद्ध मानते हुए इसका उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा. 22 अप्रैल,2025 को पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ के दहशतगर्दों ने 26 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक को धर्म पूछकर मौत के घाट उतार दिया था. इस हमले के बाद से ही देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा चरम पर पहुंच गया था.



भारतीय सेना दे रही पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब

भारतीय सेना की ओर से शनिवार को कहा गया कि उसने पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, लंबी दूरी के हथियारों एवं लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर अन्य इलाकों और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर खतरे पैदा करने की पाकिस्तान की उकसावे वाली कार्रवाई को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया है. भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में लेकर जा रहा है जो स्थिति को और तनावपूर्ण करने के ह्यह्यआक्रामक इरादेह्नह्न का संकेत है. सेना ने आगे कहा कि वह अभियानगत रूप से पूरी तरह तत्पर हैं.

भारत नहीं बढ़ाएगा तनाव- इंडियन आर्मी

बड़े सैन्य संघर्ष की आशंकाओं के बीच, सैन्य प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी ने को कहा कि भारतीय सशस्त्र बल तनाव न बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, बशर्ते पाकिस्तानी सेना भी ऐसा ही करे. उन्होंने विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ एक विशेष संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही.

मिसरी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी सेना की उकसाने वाली एवं तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों का नपा-तुला जवाब दिया है और पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर एवं पंजाब में निर्दोष लोगों एवं असैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने का अपना घृणित और अनियंत्रित अभियान जारी रखे हुए है. कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने एक कायराना कृत्य करते हुए श्रीनगर, अवंतीपुरा और उधमपुर में वायुसेना अड्डों पर एक चिकित्सा केंद्र और स्कूल परिसर पर हमला किया ।

## 3 घंटे में ही पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर, सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन से हमले, फिरोजपुर और बाड़मेर में भी ब्लैकआउट

**पंजाब - पंजाब** के फिरोजपुर और राजस्थान के बाड़मेर में भी कंप्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया है। उमर अब्दुल्ला ने भी इसे पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत बताया है। भारत की ओर से सेनन को निर्देश दिया गया है कि पाकिस्तान की हर एक हरकत का जोरदार जवाब दिया जाए।

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। सीजफायर होने के बावजूद भी वह भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने ड्रोनेस भेज रहा है। पाकिस्तान द्वारा भेजा जा रहा है ड्रोनेस को भारत की ओर से खत्म किया जा रहा है। श्रीनगर से लेकर बाड़मेर तक फिलहाल ब्लैकआउट किया गया है। जम्मू, श्रीनगर में लोगों को धमाके की आवाज सुनाई दी है। पंजाब के फिरोजपुर और राजस्थान के बाड़मेर में भी कंप्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया है। उमर अब्दुल्ला ने भी इसे पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत बताया है। भारत की ओर से सेनन को निर्देश दिया गया है कि पाकिस्तान की हर एक हरकत का जोरदार जवाब दिया जाए।

## भारत-पाकिस्तान में होगा सीजफायर! ट्रंप के दावे पर भारत सरकार ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली**

**ऑपरेशन** सिंदूर के तहत भारतीय सेना की ओर से की जा रही कार्रवाई से घबराए पाकिस्तान ने भारत संग शांति-सुलह कराने के लिए दुनियाभर के देशों से गुहार लगाई थी. इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने का दावा किया. भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों की ओर से ट्रंप के इस बयान की पुष्टि की गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "संयुक्त राज्य



अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं. दोनों देशों को बधाई. इस मामले पर आपके ध्यान के लिए धन्यवाद.'।

## कोई शर्त नहीं, स्थगित रहेगी सिंधु जल



**नई दिल्लीः** मिसाइल, ड्रोन और तोपखाने के हमलों के कई दिनों बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करने के कुछ ही मिनटों बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंक के पनाहगारों के लिए एक सख्त संदेश जारी किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत ने लगातार सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। यह ऐसा करना जारी रखेगा। उन्होंने, एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। यह आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।पाकिस्तान की ओर से भारत से संपर्क करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बन गई है। इसमें कोई पूर्व-शर्त या बाद की शर्तें नहीं हैं। सिंधु जल संधि स्थगित है। और अन्य सभी उपाय स्थगित हैं। आतंकवाद पर भारत की स्थिति वही है।वहीं, इससे पहले कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने खत्र 17 से हमारे र400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। दूसरे, उसने यह भी गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है।

इसके अलावा सोफिया कुरैशी ने आगे कहा कि पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया, जो भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर प्रतिबिंब है। कमोडोर रघु आर नायर ने कहा कि हम भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना की इस समझ का पालन करेंगे कि हम मातृभूमि की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं और प्रतिबद्ध हैं।

### पाकिस्तान पर बरसे ओवैसी, तुर्की को भी लपेटे में लिया

## हमारे पूर्वजों ने दो-देश सिद्धांत को खारिज कर दिया था

**नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** के खिलाफ अपने सख्त रुख के लिए वाहवाही बटोर रहे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पड़ोसी देश को एक और करारा जवाब दिया है। और इस बार इसमें पाकिस्तान के ह्लभाई राष्ट्रह्व तुर्की को भी शामिल किया गया है, जो उसे अटूट समर्थन दे रहा है। ओवैसी, जो पहले पाकिस्तान के खिलाफ हमलावर देखे गए थे, ने अब तुर्की पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि एक तरफ तुर्की अपनी जमीन



पर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान का समर्थन करता है, जिसे आतंकवाद का वैश्विक केंद्र माना जाता है।

उन्होंने कहा कि हमें तुर्की को यह समझाना होगा। यह दुनिया का एकमात्र देश है जो अपनी जमीन पर आतंकवादी संगठनों, कुर्द समूहों पर बमबारी करता है। जब तक उन्होंने इराक के साथ समझौता नहीं किया था, तब तक वे वहां भी आतंकवादी संगठनों पर बमबारी करते थे। और अब वे सीरिया में भी ऐसे शिविरों पर बमबारी कर रहे हैं। इसलिए उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब वे विदेशी जमीन पर आतंकवादियों को मार सकते हैं, तो वे भारत से कैसे सवाल कर सकते हैं।

## सांसद राघव चड्ढा ने पाकिस्तान को दिखाई उसकी औकात, भारत बाप है और बाप, बाप होता है

**नई दिल्लीः** ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बौखलाया पाकिस्तान लगातार भारत की सेना और आम जनता पर हमला कर रहा है. ऐसे में पूरा देश अपने सैनिकों और जनता की सुरक्षा की कामना कर रहा है. इस बीच आम आदमी पार्टी (अअढ) से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पाकिस्तान को ललकारा है और चेतावनी दी है कि अब भी समय है सुधर जाओ, वरना काशी से लेकर इस्लामाबाद तक बहेगी गंगा और रावलपिंडी में लहराएगा भारत का तिरंगा.



राघव चड्ढा ने एक वीडियो जारी कर कहा, "यह सच्चाई है कि आप दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं और जब पड़ोसी पाकिस्तान जैसा हो तो उसे ठीक करने के लिए कठोर दंड देना हमारा पहला कर्तव्य है. आज भारत सिर्फ पाकिस्तान नहीं बल्कि क्रूरता, बर्बरता और आतंकी मानसिकता के खिलाफ एक जंग लड़ रहा है."

'जिन परिवारों ने देश के लिए अपने बेटे-बेटी दिए, उनकी चट्टान बनना है' भारतीय सेना की तारीफ करते हुए राघव चड्ढा ने कहा, "हमारी सेना जिस अद्भुत वीरता और शौर्य से लड़ रही है, उससे साफ है कि इस बार आतंकवाद का खात्मा हो कर रहेगा.

बस हम सबको अपने ईश्वर से सैनिकों की सलामती की दुआ और प्रार्थना करनी है।

## 'एस-400, ब्रह्मोस बेस पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली। भारतीय** सेना ने शनिवार शाम बताया कि पाकिस्तान की तरफ से पिछले कुछ दिनों से कई झूठ फैलाए जा रहे हैं। पाकिस्तान के झूठ का पदार्फाश करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि एस-400 डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके अलावा, ब्रह्मोस मिसाइल बेस भी सही सलामत है। उन्होंने दोनों देशों के बीच शाम पांच बजे से युद्धविराम लागू होने के बाद यह बात कही। कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस बेस को नुकसान पहुंचाया।

## अब इन शहरों में खेले जाएंगे बचे हुए 16 मुकाबले

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल, कहा जा रहा है कि, आईपीएल के 18वें सीजन के बचे हुए 16 मुकाबले बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में खेले जा सकते हैं। बीसीसीआई सरकार से अनुमति मिलने का इंतजार कर रही है। विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूनार्मेंट में व्यस्त रहेंगे।



बता दें कि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 पर एक हफ्ते का सस्पेंसन लगा दिया था। ये भी साफ नहीं है कि अगर मई में आईपीएल को फिर से शुरू करना हो तो बीसीसीआई कब तक इस पर कोई फैसला लेगी। हालांकि, बीसीसीआई ने तीन शहरों को तैयार रखने का फैसला किया है। लेकिन बीसीसीआई के अधिकारियों को कहना है कि अभी के माहौल में आईपीएल को जल्दी शुरू करना मुश्किल है।

## राजनीति करने का टाइम आ गया?

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में अपनी-अपनी भूमिकाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच शनिवार को राजनीतिक विवाद छिड़ गया, जब सत्तारूढ़ पार्टी ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर निशाना साधा, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है। शनिवार की सुबह, एक्स पर एक पोस्ट में, भाजपा ने कहा, यूपीए शासन की निष्क्रियता के विपरीत, न्यू इंडिया में निरर्थक शांति वार्ता के लिए कोई धैर्य नहीं है।

सत्तारूढ़ पार्टी ने वीडियो में इस बात का उल्लेख किया है कि आतंकी हमलों के बाद कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और पाकिस्तान के



साथ शांति वार्ता की, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है। इसमें यह भी कहा गया है, "दुश्मनों के लिए संदेश स्पष्ट है। हमसे पंगा मत लो।" पोस्ट के साथ एक वीडियो में 2005 के दिल्ली धमाकों की तस्वीरें इस्तेमाल की गई हैं, जिसमें 62 से ज्यादा लोग मारे गए थे, 2006 के ट्रेन धमाकों में 209 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 2008 के मुंबई हमलों में 166 से ज्यादा लोग मारे गए थे, साथ ही प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तस्वीरें भी इस्तेमाल की गई हैं और इस बात पर जोर दिया गया है कि इन घटनाओं के बाद शांति वार्ता हुई थी। वीडियो में पूर्व प्रधानमंत्री की एक तस्वीर के ऊपर लिखा है, "कोई प्रतिशोध नहीं, कोई सबक नहीं सिखाया गया।" इसको लेकर भाजपा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, तो अब राजनीति करनी है? राजनीति करने का टाइम आ गया? सरकार को विपक्ष के साथ की जरूरत नहीं है? क्या अब एकजुटता का संदेश नहीं देना है? सरकार और भाजपा स्पष्ट करे। आम आदमी पार्टी (आप) ने भी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा से राजनीति से दूर रहने को कहा। पार्टी ने एक्स पर कहा कि जब पूरा देश एकजुट होकर पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है, तब सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के लिए इस तरह की राजनीति करना उचित नहीं है।

## विराट को अभी नहीं लेना चाहिए संन्यास

**नई दिल्लीः** पिछले डेढ़ दशक पर नजर डालें तो रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम इंडिया को अपने कंधों पर ढोते आए हैं. एक तरफ कोहली हैं, जो अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 27 हजार से अधिक रन बना चुके हैं, दूसरी ओर रोहित शर्मा ने तीनों फॉर्मेट में 19 हजार से अधिक रन बनाए हैं. दरअसल रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा (फ्ङ्गँ३ रँ१ें फी३१ीिल्ल३) कहा है, इससे सवाल उठने लगे हैं कि क्या 36 वर्षीय विराट कोहली भी क्रिकेट को अलविदा कहने वाले हैं. यहां उन कारणों के बारे में जानिए, जो साबित करते हैं कि अभी विराट की टीम इंडिया को बहुत ज्यादा जरूरत है और उन्हें रिटायर नहीं होना चाहिए.

शानदार फॉर्म के बीच, रिटायरमेंट क्यों

विराट कोहली पिछली 2 टेस्ट सीरीज में कुल मिलाकर सिर्फ 283 रन बना पाए हैं, जिनमें एक शतक और एक फिफ्टी शामिल है. इसके बावजूद जब उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी स्क्वाड में जगह मिली तो चयनकताओं की जमकर आलोचना हुई थी.

विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी में 54.5 के शानदार औसत से 218 रन बनाए और टूनार्मेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे।

# डंपर की टक्कर से चचेरे भाई-बहन की मौत परिजनों में मचा कोहराम

● मऊआइमा थाना पड़ाव चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रहे थे मृतक

● शनि देव धाम से लौट थे घर जाने के लिए मऊआइमा थाना चौराहे पर वाहन का कर रहे थे इंतेजार

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** सड़क पर वाहन का इंतेजार कर चचेरे भाई बहन को तेज रफ्तार से आ रही डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों को पी एम भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर पहुचे परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।

मऊआइमा थाना पड़ाव पर डंपर ने जोरदार टक्टर मार दी। जिससे चचेरे भाई-बहन की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। वहीं घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के जोखईगंज निकदिलपुर निवासी अमरेंद्र कुमार अपनी चाची संजना देवी, चचेरी बहन प्रीति व डेढ़ वर्षीय प्रियांशु के साथ शनिदेव धाम से वापस लौट रहे थे। प्रयागराज प्रतापगढ़ हाइवे मार्ग पर मऊआइमा के थाना पड़ाव के समीप डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। आनन फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊआइमा ले गए। जहां डॉक्टरों ने अमरेंद्र कुमार 17 पुत्र राजेंद्र प्रसाद तथा प्रीति देवी 13 पुत्री राम बाबू को मृत घोषित कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। मृतक तीन बहनों में सबसे छोटा है। तथा मृतका की मां संजना देवी, आठ वर्षीय भाई अनुराग, डेढ़ वर्षीय प्रियांशी समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर वाहन को चालक समेत पकड़ लिया है।

## दबंग ने फोन पर मुकदमा वापस लेने की धमकी दी, खनन की शिकायत पर हत्या की धमकी

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी दिलशाद अहमद उर्फ कल्लू पुत्र अनीस अहमद का आरोप है कि गांव के दबंग ने कुछ वर्ष पूर्व उसपर कातिलाना हमला बोल दिया था। दिलशाद अहमद का आरोप है कि दबंग ने फोन करके यह धमकी दी कि यदि तुम मुकदमा वापस नहीं लिए और मेरे अवैध खनन की शिकायत बंद नहीं किए तो हम तेरी हत्या कर देंगें। भुक्तभोगी दिलशाद अहमद उर्फ कल्लू ने मऊआइमा थाने में गांव के हाशिम अली पुत्र कबीर उद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सोरांव विधानसभा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** शनिवार को अपना दल एस सोरांव विधानसभा की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोरांव विधानसभा अध्यक्ष सुशील कुमार पटेल की अध्यक्षता में पश्चिमी जोन के अंतर्गत गोहरी स्थित गणेश चौराहे पर संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा महासचिव सुभाष चन्द्र पटेल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व कौशाम्बी से चलकर आए सोरांव विधानसभा के प्रभारी देवनारायण पटेल ने समस्त बूथ, सेक्टर एवं जोन तथा विधानसभा की कार्यकारिणी की समीक्षा लेते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव के पहले ही हमें जल्द से जल्द अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। इसके लिए पूर्व में नियुक्त किए गए सभी सेक्टर प्रभारियों से सहयोग लेते हुए सभी बूथ एवं सेक्टर अध्यक्षों की समय समय पर समीक्षा भी ली जाती रहेगी, जिससे पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जिला पंचायत सदस्य चुनाव में आसानी से जीत हासिल कर सकें और हम पार्टी से ही जिला पंचायत अध्यक्ष भी बना सकें। तथा इसी आधार पर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में भी हमारी पार्टी से अधिकतम विधायक भी चुनाव जीत सकें। बैठक में कौशाम्बी से चलकर आए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विधि मंच, प्रदेश महासचिव पंचायत मंच भागीरथी पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव अनुसूचित मंच किशन सरोज, जिला मीडिया प्रभारी धर्मराज पटेल बागी, इंजी० वीरेंद्र पटेल, जिला अध्यक्ष सांस्कृतिक मंच रामदेव पटेल, जिला पंचायत सदस्य सुखदेव पटेल,आदित्य पटेल, अर्जुन पटेल, अंकित पटेल, रईस नूरी, जोन अध्यक्ष शिवप्रसाद पटेल, राजेन्द्र कुमार पटेल, बनवारी लाल पटेल, धनंजय सिंह पटेल सहित बहुत सारे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




बैठक में प्रतिभाग करते कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण

## सीएमओ प्रयागराज ने सीएचसी धनूपुर का किया निरीक्षण




अखंड भारत संदेश

**जंघई।** मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनूपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और मरीजों से मुलाकात की प्रसव कक्ष का निरीक्षण दवाओं रख रखाव एवं जाँच तथा उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया जिसमे समस्त स्टॉफ उपस्थित पाए गये। सीएचसी अधीक्षक के कार्यो से संतुष्ट हुए एवं सराहना करते हुए भविष्य में इन क्वाश कराने हेतु तैयारी के लिए आदेशित किये। सीएचसी भ्रमण का मुख्य बिंदु- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझाव दिए गए, मरीजों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के लिए निर्देश दिए गए, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ चर्चा की गई और उनके काम की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर अधीक्षक डाक्टर पवन मिश्र, दिनेश पांडेय आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, 37000 फुर्र

**सहसों।** धोखा से एटीएम बदल कर खाते से साइबर ठगों ने रुपया निकल लिया। खाताधारक को जब पता चला तो उसके होश उड़ गए। उसने लिखित तहरीर देकर पुलिस से जांच करने की मांग किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी नीरज शर्मा पुत्र स्वर्गीय राम प्रवेश शर्मा शुक्रवार को सुबह सहसों गोल चौराहा के पास एक एटीएम में सुबह तीन हजार रुपये निकाल कर बाहर निकल रहा था। इसी बीच वहां पर पहले से मौजूद कुछ उचक्के ठगहार उसको धोखा देकर उसका एटीएम बदल लिया। थोड़ी देर बाद उसके खाता से 37 हजार रुपये निकल गए। पैसा निकलने का मैसेज आते ही खाताधारक के होश उड़ गए। मामले में भुक्तभोगी द्वारा घटना की जानकारी सहसों पुलिस को दे दिया है।

# सफलता के लिए इंसानियत व सेवाभाव भी बेहद जरूरी

**प्रयागराज।** मां शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल सांइसेज करमा रोड गौहनिया में शनिवार को लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी हुई। जीएनएम के 19वें बैच और बीएससी नर्सिंग के आठवें बैच के विद्यार्थियों ने लेडी विद द लैंप नाम से विख्यात फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरणा लेते हुए मानव सेवा की शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि इंद्रनाथ मिश्र ब्लाक प्रमुख कौंधियारा ने विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें नर्सिंग में सफल होने के टिप्स के साथ मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। ओथ सेरेमनी के बाद नए बैच की फ्रेशर पार्टी हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा को प्रस्तुत किया।

इससे पहले कालेज के आडिटोरियम में लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह में उपस्थित कालेज की निदेशिका प्रीति अग्रवाल ने नर्सिंग के प्रोफेशन को मानव सेवा का पेशा बताया। यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां पढ़ाई के नाम पर सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं दिया जाता है बल्कि पहले दिन से ट्रेनिंग शुरू हो जाती है। उन्होंने इस पेशे में सफलता के लिए ट्रेनिंग के साथ इंसानियत, सेवाभाव को भी बेहद जरूरी बताया।




इससे पहले कालेज के प्रिंसिपल अरविंद श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया और संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी।नर्सिंग ट्यूटर सौरभ मसीह,मेरी टीना, रंजना मिश्राने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। नर्सिंग कॉलेज के प्रशासक उदय कांत मिश्र ने सभी अतिथियों का आभार जताया और धन्यवाद दिया।कार्यक्रम का संचालन उदय कांत मिश्र ने किया। इस मौके पर केके अग्रवाल,डा जेके अग्रवाल,आरके सिंह, पीके तिवारी,एहतेशाम खान आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मेधावियो को किया गया सम्मानित



**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक द्वारा सम्राट अशोक इंटर कॉलेज बिहसड़ा में यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 के मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल वर्ग से अर्चना सोनी, शीतल सोनी तथा इंटरमीडिएट वर्ग से दिव्यांशु मौर्य, गीता कुल चार छात्रों को सर्टिफिकेट एवं उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सम्राट अशोक कॉलेज के समस्त स्टाफ के साथ लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक से पवन केसरी सुनील पांडेय, रवि शंकर केसरवानी मौजूद रहे।

### पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन




**जंघई।** पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई प्रांगण में माय सेम सीमेंट कंपनी की तरफ से ग्राहकों एवं राज मिस्त्रियों के मध्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें तकनीकी अधिकारी चंदन त्रिपाठी और इंजीनियर किसलय पांडेय द्वारा उपस्थित लोगों को सीमेंट की गुणवत्ता एवं सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती एवं प्रयोग विधि के विषय में विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि छत बनवाने के पहले झाड़ू से निशान बनाना चाहिए और उसके बाद पूरे छत को प्लास्टर करवाना चाहिए ताकि छत मे क्रैक की संभावना न हो। छत बनने के अगले दिन पानी से भर देना चाहिए क्योंकि एक हफ्ते स्लैब पानी सोखता है उसमें पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, गुंजन पांडेय, संजय पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आपरेशन सिंदूर के समर्थन में महाराणा प्रताप जयंती मनाया

**फाफामऊ।** 6 मई की रात शांतिपुरम फाफामऊ में राजपूताना सेवा समित के तत्वाधान में ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में रैली निकालकर महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुरूआत महाराणा प्रताप के जीवन में त्याग और संघर्षों को याद कर किया। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोगों ने जुलूस निकालकर देश भक्ति के प्रति समर्पित कर भारतीय सेना का बखान किया। जुलूस की शुरूआत गद्दोपुर स्थित कोल्डस्टोरेज से शुरु होकर लेबर चौराहा, फाफामऊ बाजार, बाईपास होते हुए पुनः गद्दोपुर में जुलूस समाप्त हुआ। जुलूस में मुख्य वक्ता सौरभ प्रताप सिंह ने मेवाड़ साम्राज्य में राणा सांगा, राणा कुम्भा, बप्पा रावल जैसे महान योद्धाओं को याद किया। जुलूस में लोग मारवाड़ी वेशभूषा में सुसज्जित घोड़े पर सवार रहे। जुलूस में राष्ट्रीय झंडा लहराते हुए देश भक्ति के नारे लगाते रहे। जुलूस में मुख्य रूप से उपेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, संतबक्श सिंह, पिंटू सिंह, निर्दोष सिंह उर्फ गोलू, आईबी सिंह, अजीत सिंह उर्फ पिंटू, भोला सिंह, संतोष सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह एसएन सिंह सहित भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

### आपरेशन सिंदूर के माध्यम से सेना ने लिया बदला : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** पहलगाम के क्रूर आतंकी हमले में हमारी क ई बहनों के सामने उनके पतियों की हत्या कर उन की मांग का सिंदूर आतंकियों ने उजाड़ दिया था आपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी सरकार ने इसका बदला ले लिया यह बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा उन्होंने सेना को उनके शौर्य और साहसिक अभियान के लिए बधाई देता हूँ उन्होंने कहा कि आज पूरा देश गर्व का अनुभव कर रहा है डा सोनी ने कहा कि सचिन पायलट जी कल शाम से आर्मी हेड क्वार्टर में मौजूद है पायलट साहब अच्छे पायलट है हर विमान उड़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त हैं और वर्तमान में कैप्टन के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं हमें गर्व है हमारा नेता देश के लिए युद्ध रणनीति की योजना बनाने में आर्मी का सहयोग कर रहा है सचिन पायलट और उनका समर्थक एक इशारे में अपनी जान देने को तैयार बैठा है जयहिंद जय हिंद की सेना बन्दे मातरम भारत माता की जय।

### युद्ध के दौरान आपात स्थिति में निपटने को लेकर एनसीसी अधिकारी ने छात्रों को माक ड्रिल के जरिए बताएं बचाव के तरीके



**करछना।** जनपद जमुनापार क्षेत्र के मदन मोहन मालवीय इंटरमिडिएट कालेज करछना में एनसीसी अधिकारी डॉ सत्येंद्र कुमार ने छात्रों को बताया कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों के ठिकानों पर लगातार भारतीय सेना हमले कर रही है आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने वाले ठिकानों को भारतीय सेना द्वारा नष्ट किया जा रहा है वही जनता व ग्रामीणों में स्कूलों में जगह-जगह अधिकारीयों द्वारा माक ड्रिल के जरिए युद्ध जैसी स्थिति में सायरन बजने और गोलाबारी होने पर किस तरह सुरक्षा बचाव किया जाना चाहिए तथा समाज में सैनिकों के मनोबल बढ़ाने में सहयोग किया जाए इसी क्रम में झाड़ियां एवं पत्तों के माध्यम से ढककर शरीर को रिहर्सल कराया गया गोलाबारी की स्थिति में काउंसलिंग घुटने पर चलने किस तरह सुरक्षित स्थान पहुंच जाए इस बारे में प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने जानकारी दी इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे।

## नींद से जागा प्रशासन, नदी के किनारे पुलिस ने लगाया चेतावनी बोर्ड




**जारी।** कौंधियारा रविवार को थरवई थानाक्षेत्र के दो युवक की कौंधियारा स्थित पटपर टौंस नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई थी। दूसरे दिन सोमवार को कौंधियार पुलिस के साथ एनडीआरएफ टीम व गोताखोरों के कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों के शव को नदी से बाहर निकाला गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगो की माने तो पिछले कई वर्षों से पटपर टौंस नदी में कई सैलानियों ने नहाते समय अपनी जान गंवा दी है। जिसको लेकर पुलिस ने टौंस नदी के किनारे सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस की तैनाती की थी। लेकिन इस बार की घटना से पुलिस ने सैलानियों की सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये है। शुक्रवार 9 मई को एसीपी कौंधियारा के दिशानिर्देश के बाद थानाप्रभारी कौंधियारा द्वारा टौंस नदी के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाया गया। जिसमें दशार्या गया है कि ₹आगे पानी गहरा है ,जिससे दर्दनाक हादसा हो सकता है, कृपया आगे ना जाये ₹ सैलानियों के सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य से क्षेत्र की जनता कौंधियारा पुलिस की सराहना कर रही है। और आगे ऐसी कोई अप्रिय घटना ना हो पुलिस को इसपर कार्य करना चाहिये।



## विधायक फूलपुर ने किया बभनकुईयां पानी टंकी का शुभारंभ

**सहसों।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के तहत सहसों के बभनकुईयां गांव में हर घर नल योजना के अंतर्गत ग्रामीण जनता को शुद्ध एवं स्वच्छ पेय जल के लिए नव निर्मित पानी की टंकी का फीता काटकर विधायक फूलपुर दीपक पटेल ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने निर्मित पानी टंकी का हर तरह से निरीक्षण किया ' इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सहसों पुष्कर पटेल, ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेंद्र सिंह पटेल, ग्राम प्रधान माननीय अशोक कुमार, शक्ती केन्द्र संयोजक राहुल सिंह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा , पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिशंकर सिंह, लता विश्वकर्मा, सुनील कुमार, हनुमान सिंह, लाल प्रताप शर्मा, लल्लन प्रसाद, धर्मचंद्र यादव, पिंटू नेता एवं देवेंद्र सिंह सहित जल निगम के अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## होर्डिंग और पोस्टर लगा लोग बढ़ा रहे है सेना का उत्साह




**फाफामऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर आम जनता पाकिस्तान के प्रति आक्रोश व्याप्त है। जगह जगह लोग होर्डिंग और पोस्टर लगाकर भारत के सेना का उत्साह बढ़ा रहे है। लोग जहां एक तरफ सेना द्वारा की जा रही जवाबी कार्रवाई की जमकर बखान कर रहे और दूसरी तरफ लोग पाकिस्तान को पूरी तरह खत्म कर देने की भी मांग कर रहे है। क्षेत्र के चाय अथवा अन्य दुकानों पर लोग केवल भारतीय सेना की प्रशंसा ही कर रहे है। क्षेत्र के एडवोकेट और समाज सेवी नरेंद्र गिरी सहित अन्य आधा दर्जन से अधिक लोगों ने चौक चौराहे पर होर्डिंग और पोस्टर लगा बोल रहा है हिंदुस्तान नहीं चाहिए पाकिस्तान जैसे स्लोगन लिखकर साथ में सभी पार्टियों के मुख्य नेताओं की एक साथ एक होर्डिंग में फोटो लगाकर यह दिखाने की कोशिश भी की जा रही है कि संकट के समय में भारत की सभी पार्टी के लोग एक जुट है और आतंकवाद के खिलाफ है साथ में भारतीय सेना की जमकर तारीफ करते हुए लगातार सेना का उत्साह बढ़ा रहे है।

# हराम कमाई खिलाओगे तो परिवार हराम खा कर बर्बाद हो जाएगा : प्रोफेसर मौलाना आदम मुस्तफा

मऊआइमा के मदरसा अरबिया अनवारूल उलूम में वार्षिक अधिवेशन में जुटे देश के नामी आलिम

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** शराब पीना जुआ खेलना झूठ बोलना झूठ बोल कर कमाई करना हराम है इस हराम कमाई से परिवार खा कर तबाह हो जाता है। उक्त बातें देवबंद के प्रोफेसर मौलाना आदम मुस्तफा ने एकत्रित लोगों से कही। उन्होंने ने फरमाया कि अल्लाह ने कुरान पाक में कसम खा कर कहा है कि अपने को नेक कामों में लगा लो सफल रहोंगे। झूठ बोलना कर तुम धन एकत्रित कर परिजनों को खिलाते हो तो पूरा परिवार तुम्हारे हराम कमाई को खाता है ।जो जहन्नुम की ओर ले जाता है। नस्लें बर्बाद हो जाती है ??हराम की कमाई दुनिया में किसी न किसी बहाने से निकल जाती है। बीमारी के बहाने अथवा अन्य जगहों पर खर्च हो जाता है। प्रोफेसर मौलाना आदम मुस्तफा ने कहा कि ब्याज का लेन-देन बंद कर दो ।ब्याज का लेन-देन हराम है जो लोग कर रहे हैं वह रसूल पाक की नाफरमानी कर रहे हैं। उन्होंने ने हर प्रकार के नसा को हराकर करार दिए ।आज के इस दौर में भाई भाई का दुश्मन जायदाद के लिए बना हुआ है।

इसके पूर्व मौलाना मुफ्ती देवबंद के उप संचालक राशिद साहब ने सोलह हाफिज,बारह कारी के सिर पर साफा पहनाकर कर प्रमाण पत्र दिए ।तथा ग्यारह लड़कियों के मौलवी बनी उन्हें महिलाओं ने पर्दा में प्रमाण पत्र दिए ।विश्वव स्तरीय शायर मंजर भोपाली ने नातिया कलाम में पढा (हुस्न दुनिया कि हर एक हर सय,कोई ऐसा नहीं है जो उनकी अदा तक पहुंचे )तथा महताब भोपाली ने भी अपने नातिया कलाम से खूब वाह वाही लूटी। देवबंद के कारी इकरार अहमद ने दीनी दीनी कामों पर जोर देते हुए ईमानदार बनने पर जोर दिए ।जलसे के अन्त में मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान ने मुल्क की तरक्की और देश भक्ति पर विस्तार से लोगों को समझाया तथा भाई चारा सौहार्द बनाए रखने की दुआ करायी।



# माफिया अतीक के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर फिर लगा बोर्ड

- अतीक की जमीन पर अवैध कब्जा
- पुलिस कमिश्नर द्वारा जांच के आदेश
- 16 आराजी चिन्हित बोर्ड पुनः स्थापित

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माफिया अतीक के कब्जे से मुक्त कराकर सरकार में निहित की गई जमीन पर फिर से बोर्ड लगा दिया गया है। एक हिस्ट्रीशीटर समेत कई लोगों ने उस जमीन पर लगे बोर्ड को उखाड़कर प्लाटिंग शुरू कर दी थी। मामले में शिकायत होने पर पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने जांच बैठाई। इसके बाद एयरपोर्ट थाने की पुलिस और राजस्व टीम ने सभी 16 आराजी को चिन्हित करते हुए कार्रवाई से संबंधित बोर्ड लगाया। मामले में जल्द ही लेखपाल की रिपोर्ट पर अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा कायम करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

माफिया अतीक ने कुछ साल पहले राजमिस्त्री हुबलाल के नाम पर अलग-अलग गरीब किसानों को डरा-धमकाकर जमीन गौसपुर कटहुला में जमीन लिखवाई थी। माफिया की मौत के बाद हुबलाल सामने आया तो अतीक की बेनामी संपत्ति का पता चला था।

तब तत्कालीन डीसीपी दीपक भूकर ने करीब साढ़े 12 करोड़ रुपये की प्रापर्टी को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कराया। साथ ही जमीन पर मुनादी कराते हुए बोर्ड लगवाया गया था। बाद में उसी प्रापर्टी को राज्य सरकारी में निहित कराने की कार्यवाही हुई थी। मगर इसी बीच कुछ लोग ने सरकारी जमीन पर लगे बोर्ड को उखाड़ दिया और फिर बाउंड्री बनाकर प्लाटिंग शुरू कर दी थी।

शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने राजपत्रित अधिकारी से जांच कराई थी। थानाध्यक्ष एयरपोर्ट विनय सिंह का कहना है कि सभी 16 आराजी को चिन्हित कर लिया गया है। सरकारी जमीन पर बोर्ड लगा दिया गया है और जल्द ही मुकदमा भी कायम किया जाएगा।



# नैनी महर्षि विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस

**नैनी।** नैनी शनिवार को महर्षि विद्या मंदिर दूरवाणी नगर में हर्षोल्लास के साथ मातृ दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या गीता अरोरा के दिशा निर्देश में वाटिका 1, 2 ,3 के छात्र-छात्राओं को शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया।कार्यक्रम का श्री गणेश श्री गुरु पूजा से हुआ। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने छात्रों की माताएं भी उपस्थित रही। महर्षि विश्व शांति आंदोलन में सहभागी सहस्त्रशीर्षा देवी मंडल की सहभागिता मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंशु अरोरा ने आगंतुक अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। वाटिका एक के बच्चों ने आकर्षित एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। दीप्ति और नीलू सिंह ने माता के साथ गेम का प्रदर्शन किया। बच्चों की माताओं ने भी अनेक कार्यक्रमो को प्रदर्शन किया जो मनमोहक एवं रोचक रहा। प्रधानाचार्या गीता अरोरा ने एक मां की वाह्य अंतरिक संघर्ष को स्पष्ट करते हुए कहा कि माँ संतान के लिए उसके चेहरे पर थकावट नहीं आने देती उसकी ममता में मिलावट भी नहीं होती। माँ तो अपनी संतान के लिए भगवान ही होती है दुआ देने वालों की संख्या तो बहुत है लेकिन दिल से दुआ देने वाले तो सिर्फ माँ होती है। कार्यक्रम के अंत में अंशु अरोरा ने अभ्यगत अतिथियों को साधुवाद एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## न्यूज झरोखा

### कोचिंग के लिए निकली छात्रा हुई लापता

**फाफामऊ।** शांतिपुरम में किराए के मकान में रह रहे एक छात्रा दो दिन पहले शहर के एक कोचिंग में पढ़ने के निकली थी और रास्ते से ही लापता हो गई। वापस घर नहीं लौटी तो छात्रा के पिता ने फाफामऊ थाने में नाबालिग छात्रा की गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ के एक नाबालिग छात्रा का परिवार शांतिपूरम आवासीय कॉलोनी में किराए के मकान में रहते है। वही से एक नाबालिग छात्रा शहर के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने जाती थी। आरोप है कि दो दिन पहले घर से दोपहर में कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन कोचिंग नहीं पहुंची और रास्ते से ही गुम हो गई।

### रामायण अभिरुचि चित्रकला कार्यशाला: बच्चों के चारित्रिक विकास की ओर एक सृजनात्मक कदम



**प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या (संस्कृति विभाग), संस्कार भारती तथा एडूलीडर्स के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय मटियारा, सोरांव प्रयागराज में 7 दिवसीय ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि चित्रकला कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उच्च प्राथमिक विद्यालय मटियारा, प्राथमिक विद्यालय बिगाहिया और प्राथमिक विद्यालय बनकेसरी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला समन्वयक मधुलिका सिंह एवं प्रधानाध्यापिका रीना सिंह द्वारा भगवान श्रीरामचंद्र जी और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं स्तुति के साथ किया गया। प्रशिक्षक प्रवीण कुमार पाण्डेय ने बच्चों को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से जुड़ी चित्रकला की बारीकियाँ सिखाईं। बच्चों ने गहरी रुचि के साथ रामायण के विभिन्न प्रसंगों को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया।यह कार्यशाला न केवल उनकी कलात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित होकर उनके चारित्रिक विकास में भी सहायक सिद्ध हो रही है। आयोजकों का विश्वास है कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को संस्कारित, संवेदनशील और सृजनशील नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

### इलाज के दौरान लाइन मैन का निधन, शोक की लहर



**मांडा।** बहुत ही सरल स्वभाव के लिए जानें जाते लाइनमैन आशुतोष तिवारी उम्र की शनिवार को हृदय विकारक बीमारी के चलते निधन हो गया। सूचना पर मांडा जेई राकेश गुप्ता व अन्य कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दे कि आशुतोष तिवारी कर्मचारियों में सबसे होनहार थे। बीमारी के चलते बीते एक सप्ताह से प्रयागराज स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। स्थिति ज्यादा बिगड़ने के कारण शनिवार को उनका निधन हो गया। बिजली कर्मचारी के मौत के बाद उपकेंद्र मांडा रोड के कर्मचारियों में शोक व्याप्त हैं। मौके पर सुनील पांडेय,अंजनी मौर्य सहित अन्य कर्मचारियो ने मांडा रोड उपकेंद्र पर आयोजित शोक सभा के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बिजली कर्मचारी की पत्नी किरन देवी, बेटा विनायक बेटी काव्या का रो रो कर बुराहाल है।

### घर से भागे प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी खोजती रह गई इलाके पुलिस

**मेजा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के एक गांव में दीवानगी में पागल हुए प्रेमी युगल ने घर से भागकर मंदिर में शादी रचा ली और पुलिस देखती ही रह गई।
मिली जानकारी के अनुसार मेजा तहसील क्षेत्र से दो दिन पहले घर से भागे प्रेमी जोड़े ने शनिवार को मंदिर में शादी रचा लिया। दोनों बालिग हैं। इस संबंध में जेवनिया चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि मदरा की युवती मांडा दसवार के निखिल नमक युवक के साथ दो रोज पहले घर से भागी थी। जिसकी शिकायत युवती के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी और पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही थी लेकिन प्रेमी जोड़े ने एक मंदिर में शादी रचा लिया।

### पेट्रोल पंप के शौचालयों में ताला लगाना पड़ेगा भारी, लगेगा तगड़ा जुर्माना, आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से जारी हुआ आदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय राजमार्गों, राजमागों, राज्य राजमार्गों व विभिन्न प्रमुख मार्गों पर पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से मनमानी की शिकायत अक्सर सुनने को मिलती है। गाइड लाइन के अनुसार पेट्रोल पंप पर मुफ्त हवा भरने की सुविधा के साथ साफ सुथरा शौचालय होना आवश्यक है। ताकि राहगीर उसका उपयोग कर सकें। लेकिन ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर न तो हवा भरने की व्यवस्था है और न ही साफ सुथरा शौचालय हैं। किसी पेट्रोल पंप पर अगर यह सुविधा है भी तो लोगों को नहीं मिल पाती। शौचालयों में अक्सर ताला बंद रहता है। राहगीरों की समस्याओं को देखते हुए आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पेट्रोल पंपों के शौचालयों में सफाई न होने व ताला बंद करने पर जुमार्ना लगाया जाएगा जाने का निर्देश दिया है। नियमों का न मानने पर पहले 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। दूसरी बार 25 हजार और तीसरी बार 10 हजार जुमार्ना के साथ 45 दिनों तक पेट्रोल पंप पर बिक्री व आपूर्ति ठप कर दी जाएगी। इसके अलावा शौचालयों के रख रखाव में लापरवाही करने पर पांच,10 और 15 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाए जाने का निर्देश है। पेट्रोल पंपों पर कितने सफाई कर्मचारियों को रखा गया है इसकी सूची जिला पूर्ति अधिकारी को देनी पड़ेगी। पेट्रोल पंपों पर शौचालय व व्यवस्थाओं की जांच करने के लिए टीम गठित कर दी गई है। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से जल्द ही पेट्रोल पंपों का निरीक्षण शुरू हो जाएगा। पेट्रोल पंपों के शौचालय का उपयोग बड़ी संख्या में लोग करते है। लेकिन कई स्थानों पर ताला बंद रहता है। ताला बंद करने पर अब जुमार्ना लगाया जाएगा। चेतावनी दी जाएगी, सुधार न होने पर 45 दिन के लिए पेट्रोल पंप का संचालन भी ठप कराया जाएगा। **-सुनील सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, प्रयागराज।**

# प्रयागराज में अलर्ट होटलों में गहन जाँच अभियान



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से पाकिस्तान मे तबाही मचाई हैं उससे पाकिस्तान के आतंकी संगठन एक्टिव हुए हैं उनके स्लीपर सेल किसी बड़ी घटना को अंजाम ना दे सके इसके लिए प्रयागराज की कमिशनरेट पुलिस ने अपनी तैयारी कर ली हैं प्रयागराज के कोतवाली सर्किल के ACP मनोज सिंह ने फोर्स और डॉग स्क्वायड टीम के साथ रेलवे स्टेशन के आसपास भीड़ भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग की, इस दौरान खडी गाड़ियों के नीचे और उसके अंदर डिटेक्टर से चेक किया गया, इसी तरह होटल और लॉज के अंदर भी हर एक चीज को बारीकी से चेक किया गया, हालांकि पुलिस को क्या खुफिया इनपुट मिला हैं इसके बारे मे तो नही बताया गया लेकिन पुलिस अफसर इसे ऐतियात पर एलर्ट बता रहे हैं.

पिछले 3 से चार साल पहले प्रयागराज मे कई ऐसे लोग पकड़े गए हैं जो किसी न किसी आतंकी नेटवर्क से जुड़े थे इसके अलावा कशमीर के भी कई खूंखार आतंकी नैनी सेन्ट्रल जेल मे बंद हैं इसी सब को ध्यान मे रखते हुए प्रयागराज कमिशनरेट के तीनो जोन मे सरकारी बिल्डिंग और रेलवे ट्रैक की सुरक्षा मे पुलिस निगरानी रख रही हैं, इसके अलावा शहर की सीमाओं पर भी फोर्स तैनात हैं एयरपोर्र पर भी अलग से सुरक्षा बड़ाई गई हैं।

# 5 बदमाश गिरफ्तार : चोरी की 8 बाइक सोने की चेन और मोबाइल बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस ने चेन स्नैचिंग और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की आठ मोटरसाइकिलें, चार सोने की चेन और चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।सिविल लाइंस, धूमनगंज, पूरामुफ्ती और कैंट थानों की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। यह गिरोह प्रयागराज और आसपास के जिलों में सक्रिय था। पकड़े गए सभी आरोपियों पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी की बाइकों से वारदात करते थे। इससे उनकी पहचान छिपी रहती थी। लूट का माल बेचकर वे अपनी जरूरतें पूरी करते थे। शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया।पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। साथ ही चोरी की मोटरसाइकिलों के मूल मालिकों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही गैंग के बाकी सदस्य भी पकड़े जाएंगे।





# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत, कोहराम



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के उस्मापुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर सड़क दुर्घटना में एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।ऊष्मा पुर पर थाना उतराव निवासी जहीर शाह जो मजदूरी करता है। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शनिवार 9:00 बजे के करीब उसका बेटा सर्विस रोड के पास से जा रहा था। वहीं हंडिया की तरफ तेज रफ्तार से जा रही मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर लहू लुहान हो गया। परिजन फौरन किशोर को इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर भागे जहां डॉक्टरों ने हालात नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक किशोर दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। किशोर की मौत से माता तबस्सुम समेत परिजनों का रो रो का बुरा हाल है।

# प्राथमिक विद्यालय मनु का पूरा में लगा समरसेबल पंप खराब होने से छात्र पानी के लिए हैं परेशान

**विद्यालय में पेयजल की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान और ब्लाक कर्मियों की कार्यशैली व उदासीनता पर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उठाया सवाल कहा बार बार शिकायत के बाद भी अभी तक उपरोक्त जिम्मेदारों ने पेयजल समस्या के प्रति नहीं किया पहल भीषण गर्मी में बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं बच्चे**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकासखंड उरुवा के प्राथमिक विद्यालय मनु का पूरा में लगा समरसेवल पंप खराब होने से इन दिनों छात्रों को पीने के पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।
उल्लेखनीय है कि उक्त विद्यालय में लगभग 100 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं और इन अध्ययनरत छात्र छात्राओं को पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए विद्यालय परिसर समरसेबल भी लगा हुआ है जो वर्तमान कई महीनों से खराब है जिसे विद्यालय के जिम्मेदारों द्वारा मरम्मत न कराए जाने से जहां भीषण गर्मी में नन्हे छात्र न केवल पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं, बल्कि पानी के अभाव में विद्यालय में शौचालय एवं बाथरूम होते हुए भी खुले में जाने को विवश होना पड़ रहा है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि समरसेबल की खराबी की सूचना कई बार ग्राम प्रधान और विकासखंड स्तर के अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जिसका खामियाजा गर्मी में बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। सरकारी विद्यालय में पानी की समस्या के प्रति लोगों ने ग्राम प्रधान पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अभिभावकों का कहना है कि ग्राम प्रधान की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते विद्यालय की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। गौरतलब है कि विद्यालय में पानी के अभाव को लेकर शिक्षकों ने भी चिंता जताते हुए कहा है कि छात्र छात्राएं खुले में शौच जाते समय किसी भी दुर्घटना का यदि शिकार होते हैं तो प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ विद्यालय प्रबंधन पर थोप दी जाएँगी, जो पूर्णतः अनुचित होगा। शिक्षकों ने कहा अब समय आ गया है कि संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर ध्यान दें और शीघ्र ही विद्यालय में पेयजल आपूर्ति बहाल करें, ताकि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा पेयजल संकट का समाधान हो सके और वे किसी दुर्घटना का शिकार होने से बच सकें।

# मदर्स डे पर 'मकूंस किड्स प्ले स्कूल' में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी एफसीआई रोड स्थित मकूंस किड्स प्ले स्कूल में शनिवार को मदर्स डे के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन स्कूल के निदेशक नवनीत कुमार अग्रहरी ने किया। उद्घाटन समारोह में नवनीत कुमार अग्रहरी ने मातृशक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन की प्रेरणा होती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माँ की भूमिका सबसे अहम होती है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम बच्चों में भी माँ के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं।कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक गतिविधियाँ गीत, नृत्य और कविताएँ माताओं को समर्पित थीं। जो उपस्थित सभी दर्शकों को भावुक कर गईं।.माताओं ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम और भी मनोरंजक बन गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए उपहार भेंट किए और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल की प्रिन्सिपल नन्दीनी मैम, शिक्षकगण रूपा मैम व मुस्कान मैम एवं मोहित अग्रहरि, सूरज कुमार, अमित गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।




# एनटी मेजा और थाना प्रभारी मेजा की संयुक्त अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

**मेजा।** शनिवार को मेजा थाने में एनटी मेजा नंदलाल सिंह और प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय की संयुक्त अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ।

इस दौरान समाधान दिवस में आए हुए शिकायतकताओं की पुलिस एवं राजस्व विभाग की शिकायतो को दोनों अधिकारियों ने गंभीरता पूर्वक सुनकर सम्बन्धित राजस्वकर्मी एवं पुलिस उपनिरीक्षक को निर्देशित किया। इस मौके पर मेजा थाने में तैनात सभी उपनिरीक्षक तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला का समर्थकों ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन, दिया बधाई



**मेजा ।** वरिष्ठ भाजपा नेता जनसेवक डीजीएस परिवार के इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया का जन्म दिन समर्थकों द्वारा शनिवार को धूम धाम से मनाया। इस दौरान नव निर्वाचित भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने राजू भैया को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर जन्म दिन की बधाई दिया। इस मौके पर उमाशंकर तिवारी उर्फ गांधी, रामशंकर मिश्र (पिपरा), समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, अखिलेश मिश्र, विनय शुक्ल, टिंकू तिवारी, अभिषेक भरत जी शुक्ल, ओपी मिश्र तथा शिवम दुबे सहित सैकड़ों लोग रहे। जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला के जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे तिवारी बंधु ने अपने सुर संगीत के माध्यम से श्री शुक्ल को जन्म दिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# डीएम एवं एसपी ने थाना अन्तू में सुनी फरियादियों की समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डीएम एवं एसपी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना अन्तू पहुँचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से समाधान करायें। थाना समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें राजस्व विभाग की प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त अन्य राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर राजस्व सम्बन्धित प्रकरणों का बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करें, किसी भी शिकायत को अनदेखा न करें और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## डीएम व एसपी ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर पेश की मानवता की मिसाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना अन्तू जा रहे थे तो रास्ते में बाबूगंज चैराहे के पास सड़क दुर्घटना में घायलों को देख डीएम व एसपी ने बिना देर किए अपनी गाड़ी रोक दी और तत्काल मदद के लिए आगे बढ़े। एसपी ने घायल बुजुर्ग व बच्चे को फास्ट किट के माध्यम से घावों का साफ किया और दवाईयां लगायी। डीएम द्वारा इस दौरान घायल व्यक्तियों को दर्द की दवा खिलायी गयी और मौके पर 108 एम्बुलेन्स को बुलाकर मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ के लिये भेजा गया। डीएम द्वारा घायल व्यक्तियों से उनके सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो बुजुर्ग राम किशोर द्वारा बताया गया कि वह आम पोखर गोरखापुर अमेठी का रहने वाला है और अपने नाती अजय वर्मा के साथ रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे थे। परिजनों द्वारा मदद के लिये डीएम एवं एसपी का आभार व्यक्त किया गया। डीएम और एसपी द्वारा दिखाई गई तत्परता की स्थानीय लोग जमकर सराहना कर रहे हैं, जिले के इन दो शीर्ष अधिकारियों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए घायलों की मदद की।



## न्यूज झरोखा

### नन्हें-मुन्हों बच्चों ने पहलगाम के शहीद पर्यटकों की स्मृति को किया नमन



**प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में शहीद किये गये निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रबन्धक सुनीता मिश्रा व समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र तथा प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बच्चों के साथ शहीद पर्यटकों के चित्र के समक्ष कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक रमेशचन्द्र मिश्र एवं शैक्षणिक नियंत्रक रीमा मिश्रा तथा एचआर हेड गौरव मिश्र ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने शहीद पर्यटकों को बेगुनाह कायरता के साथ बर्बरतापूर्वक हत्या की। अध्यक्षता करते हुए रीमा मिश्रा ने कहा कि आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या हृदय विदारक घटना है। भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम त्रिपाठी एवं तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन भेंभौरा के प्राचार्य राहुल सिंह, मौलवी फरजंद अली कॉलेज ऑफ लॉ भेंभौरा के प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच नारायण मुकेश ने भी आतंकवाद के खात्मे के लिए भारतीय सैनिकों के कदम को जमकर सराहा। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक श्यामशंकर मिश्र, हिमांशु शुक्ल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, राजीव रत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, राजकुमार यादव, श्रुति शुक्ला, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, किरन शुक्ला आदि रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक



**पट्टी।** तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ताओं के साथ ही सगे संबंधियों में शोक की लहर फैल गई। पट्टी बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता मुनौवर हुसैन जो क्षेत्र के कंजा गांव के रहने वाले हैं का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी होने पर बार एसोसिएशन पट्टी के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव के साथ ही बार एसोसिएशन पट्टी के पूर्व अध्यक्ष राधा रमण मिश्रा एवं वर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह के साथ ही पट्टी तहसील के अन्य पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप

**लालगंज।** युवती के साथ दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप को लेकर पीड़िता ने शनिवार को सीओ को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि रायबरेली जनपद के डीह थाना अन्तर्गत एक गांव निवासी आरोपी से बीते वर्ष उसका विवाह होना तय हुआ था। इसी बीच आरोपी ने उसे झांसे में लेकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यही नही आरोपी ने उसका वीडियो क्लिप व फोटोग्राफ भी बना लिया। इसके बाद आरोपी ने विवाह करने से इंकार कर दिया। पीड़िता के परिजनों ने उसका अन्यत्र विवाह तय किया तो आरोपी ने बदनीयती से लोगों के पास पीडिता का वीडियो भेजकर वायरल कर दिया। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि उदयपुर थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

### अनिकेत के चयन पर खुशी की लहर



**बेलखरनाथ धाम।** अनिकेत मिश्रा का कनिष्ठ कार्यपालक एयर ट्रैफिक कंट्रोल पद पर चयन होने पर ननिहाल में खुशी का माहौल है।अनिकेत मिश्रा काफी समय तक अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई की थी।वह मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के कोइरीपुर के निवासी हैं।बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक के बिजहरा गांव में बृजेश नारायण तिवारी के यहां अनिकेत का ननिहाल है। उनकी सफलता पर लोग एक दूसरे को बधाई देने पहुंचे तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। उनकी सफलता पर पिता लाल मणि मिश्रा व मां सरिता तथा मामा हनुमान त्रिपाठी भाजपा मंडल महामंत्री ने बाबा बेलखरनाथ, पवन तिवारी सुरेश नारायण, रमेश नारायण,भुनेश नारायण तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लवलेश पांडे ,धर्मेंद्र सिंह, विजय पांडे, आशुतोष मिश्र धर्मेन्द्र मिश्रा सहित तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तमंचा कारतूस व तीन देशी बम के साथ गिरफ्तार

**बेलखरनाथ धाम।** शनिवार की सुबह चेकिंग के दौरान कंधई पुलिस ने तिवारीपुर गांव के बाग से जौनपुर के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के मल्लपुर निवासी यार मोहम्मद को तमंचा व दो जिंदा कारतूस तथा तीन देशी बम के साथ गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा दिया।पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ जौनपुर जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं ।कधंई थाने में यार मोहम्मद के खिलाफ 4/5 विस्फोट पदार्थ अधिनियम व 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।एसओ कंधई गुलाबचंद सोनकर ने बताया कि यार मोहम्मद के पास बम कारतूस तमंचा के साथ किसी घटना को अंजाम देने के लिए कहीं जा रहा था जिसे तिवारीपुर गांव से गिरफ्तार किया गया है।

### छोटी आयोध्या में सम्पन्न हुआ भंडारा

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत रामगंज स्थित वार्ड नंबर 4 संग्रामगंज में नवनिर्मित श्री छोटी अयोध्या धाम पर हो रहे मंगलम महोत्सव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और विश्व विख्यात राम कथा मर्मज्ञ प्रेमभूषण महाराज के द्वारा राम कथा का नव दिवस तक रसपान के बाद शनिवार को परिसर में बनी यज्ञशाला में पूर्णाहुति की गई।इसके बाद सांय चार बजे से श्री अन्नपूर्णा भंडारे से भक्तों को प्रसाद वितरण शुरू किया गया। बता दें कि प्रसाद के लिए मुंबई के प्रसिद्ध मातेश्वरी ग्रुप के अध्यक्ष रामदेव पाण्डेय (मुन्ना पाण्डेय), प्रसिद्ध कारोबारी लल्लन पाण्डेय, अध्यापक राजेश दुबे अध्यापक संतोष तिवारी,राकेश तिवारी,राजेश पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह के साथ अनेकों प्रसिद्ध लोगों ने भी श्री छोटी अयोध्या धाम पर आयोजित भंडारेमें महाप्रसाद के लिए पहुंचे। देर शाम तक भंडारे में प्रसाद पाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा।आयोजक राम अकबाल मिश्रा मिश्रा ब्रदर्स व चारू भाई ने सभी आगंतुकों का स्वागत भक्तों का अभिनंदन किया।

## मदर्स डे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर स्थित राज एंग्लो वैदिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मदर्स डे पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की निर्देशिका माधुरी पाण्डेय ने मातृशक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मां केवल एक रिश्ता नहीं है। वह संपूर्ण जीवन की प्रेरणा होती हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में मां की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में मां के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है। कार्यक्रम में बच्चों ने माताओं के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें गीत, नृत्य और कविताएं शामिल थीं। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रमुख रूप से मनीषा, अकांक्षा सिंह, अनन्या दूबे, सरिता पटेल, नीरज मिश्रा, आरती यादव, शौम्या सिंह, सृष्टी शुक्ला आदि रहे।

## वकालत के मिशन की मजबूती के लिए ज्ञानार्जन आवश्यक : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से माल्यार्पण कर सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी एवं महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, आय व्यय निरीक्षक अतुल मिश्र चंदन तथा कोषाध्यक्ष हरि नारायण पाण्डेय व सदस्य कार्यकारिणी सुमित वत्सल को माल्यार्पण कर जीत की शुभकामनाएं दी। उन्होनें कहा कि अधिवक्ताओं को बार एसोशिएसन की गरिमा के उत्तरोतर वृद्धि के लिए वकालत के मिशन को सदैव मजबूत बनाए रखना चाहिए। उन्होनें कहा कि लालगंज में एडीजे तथा एसीजेएम कोर्ट के शुरू होने के बाद अब अधिवक्ताओं को ज्ञानार्जन के लिए भी अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।



इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात की। उन्होने कार्यकताओं के बीच कहा कि सीमा पार से आतंकवादी प्रश्रय को लेकर किसी भी नापाक हरकत का भारतीय सेना मुंहतोड़ जबाव देने में सक्षम है। उन्होनें कहा कि एलओसी पर पाक के द्वारा अनावश्यक गोलीबारी को भी भारत किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेगा। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस आतंकवाद को मिटटी में मिलाने के लिए सरकार व सेना के हर निर्णय के साथ मजबूती से खडी हुई है। वहीं उन्होनें कैम्प कार्यालय पर आये लोगों की समस्याओं की सुनवाई भी की। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन भी किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख इं. अमित सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, पूर्व जिपंस टीपी यादव, विकास मिश्र, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, प्रवीण यादव, विपिन शुक्ल, अनूप पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, लाल विनोद प्रताप सिंह, जीतेन्द्र तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, विनय शुक्ल, आदि रहे।

## लोक अदालत में तीन सौ बावन मुकदमों का निस्तारण

**दो हजार से अधिक वसूला गया अर्थदण्ड**

**लालगंज।** स्थानीय सिविल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत तीन सौ बावन वादों का निस्तारण हुआ। वही दो हजार दस रुपए अर्थदण्ड वसूल हुआ। एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी की कोर्ट ने दो सौ तीन मुकदमों का निस्तारण कराया। वहीं इस अदालत में दो हजार दस रुपए का अर्थदण्ड वसूल हुआ। सिविल जज कुंवर मल्लिकार्जुन की अदालत ने एक सौ उन्चास मुकदमों का निस्तारण कराया गया। एसीजेएम विराटमणि ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य छोटे मोटे विवादों को सुलह समझौते से निस्तारित कराया जाना है। वहीं सिविल जज कुंवर मल्लिकार्जुन ने भी लोक अदालत के जरिए मुकदमों के त्वरित निस्तारण की उपयोगिता की सार्थकता बतायी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, शहजाद अंसारी, जितेन्द्र सिंह, पवन पाण्डेय, संजय ओझा, जान्हवी प्रताप सिंह, शशिशेखर पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

## लम्बित शिकायतें देख समाधान दिवस में एसडीएम का चढ़ा पारा

**लालगंज।** थाना समाधान दिवस में शिकायतो को लंबित देखकर एसडीएम का पारा चढ़ आया। लालगंज कोतवाली में समाधान दिवस में एसडीएम ने जमीनी विवाद से जुडे प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान भूमि सम्बन्धी विवादों में प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही को लेकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को बारी बारी से तलब किया। उन्होने लापरवाह राजस्वकर्मियों को जमकर फटकारा। वहीं सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने पुलिसकर्मियों को राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर शिकायतों के निस्तारण के तल्ख निर्देश दिये। लालगंज में आठ शिकायतें आयीं। सांगीपुर में ग्यारह शिकायतो मे एक तथा लीलापुर में छः शिकायतों पर तहसीलदार गरिमा वर्मा ने राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन किया। उदयपुर में दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया।

## 12 को पुलिस लाइन से निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा : एडीएम

**तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन हेतु एडीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद में तिरंगा यात्रा निकालने के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय सेनाओं के सम्मान में 12 मई को प्रातः 8.30 बजे से जनपद के पुलिस लाइन परिसर से बैण्ड बाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी जिसमें जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण, एनसीसी, विद्यालय के छात्र-छात्रायें, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, प्रधान, व्यापार मण्डल, होमगार्ड, मेडिकल कालेज के अध्ययनरत छात्र-छात्रायें, जनपद के सम्भ्रान्त नागरिक आदि सम्मिलित होगें। यह तिरंगा यात्रा 1 किलोमीटर की लम्बी रैली होगी जिसमें विभिन्न वर्ग के लोग सम्मिलित होगें। उन्होने बताया कि यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से निकलकर चैक घंटाघर, भंगवा चुंगी, बलीपुर, ट्रेजरी चैराहा होते हुये वापस पुलिस लाइन में आकर समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन हेतु अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोग तिरंगा यात्रा में अपनी प्रतिभागिता कर देश के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ सिटी शिव नारायण वैश, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, जीजीआईसी के उप प्रधानाचार्य डा0 मो0 अनीस, जिला बार/जूनियर बार/वकील परिषद के महामंत्री, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।




## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** मकान में वाल पुट्टी का काम करने के दौरान मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पीएम के बाद परिजन शव घर ले आये। युवक की मौत को लेकर उसके भाई ने नामजद तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ककरहिया सुजाखर गांव निवासी बत्तीस वर्षीय धर्मपाल वर्मा पुत्र स्व0 छेदीलाल वर्मा शुक्रवार को दीवानगंज निवासी राजेश मिश्र उर्फ गुडडू पुत्र राधेश्याम मिश्र के घर में मजदूरी करने गया था। यहां वह दीवार पर पुटटी लगाने का काम कर रहा था। इसी बीच शाम करीब चार बजे करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होने पर परिवार के सदस्य उसे इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले आये। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। लेकिन परिजन घायल को लेकर अमेठी जनपद के संयुक्त जिला अस्पताल असैदापुर गौरीगंज ले गये। जहां इलाज के दौरान घायल धर्मपाल की मौत को गयी। मृतक के भाई प्रहलाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दीवानगंज निवासी राजेश मिश्र के यहां काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से उसके भाई की मौत हो गयी। इधर मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। घटना से परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। मृतक के शव को पीएम होने के बाद परिजन शनिवार को शव घर ले आये। समाचार भेजे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है। एसओ सांगीपुर मनीष तिवारी ने बताया कि मृतक के भाई प्रहलाद वर्मा ने तहरीर दी है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## अवैध पार्किंग के चलते पन्द्रह मिनट तक खड़े रहे जज



**पट्टी।** नगर के डाक बगले के मुख्य गेट पर अवैध रुप से कार पार्किग करने के चलते गेस्ट हाउस में ठहरे ग्राम न्यायालय के न्यायधीश को अपने वाहन से बाहर निकलते समय खासी दिक्कतों का सामना करना पडा। पट्टी ग्राम न्यायालय के न्यायधीश अश्वनी उपाध्याय पट्टी तहसील के सामने स्थित डाक बगले पर कुछ समय के लिए ठहरे हुए थे। जहां से वापस बाहर निकलते समय मुख्य गेट पर सडक के बीचों बीच अवैध रुप से कार पार्क किए जाने के चलते करीब 15 मिनट तक बाहर नही निकाल सके। इस दौरान मौके पर तहसील के तमाम अधिवक्ता व राहगीर जमा नजर आए। जो यह कहते दिखे कि वाहन गलत तरीके से पार्क किया गया है। वाहन पर कार्रवाई के लिए न्यायधीश के कहने पर फोटो ली गई है।

## सेतु-मित्रों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** सेतु परियोजना के अंतर्गत तरुण चेतना एवं सेन्टर फॉर हेल्थ एंड सोशल जस्टिस नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान मे 7 से 10 मई तक पट्टी में 50 सेतु मित्रो का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजीत बहादुर यादव ने कहा कि सेतु मित्रों के प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य से संबधित योजनाओं की जानकारी समुदाय तक पहुंचाना है। जिससे वंचित समुदाय स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं का समुचित लाभ ले सके। सेतु मित्रो को जानकारी, कुशलता, एवं मनोभाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।. प्रशिक्षण के दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश एवं बीसीपीएम सिद्दीकी ने आयुष्मान कार्ड द्वारा मिलने वाली सुविधाएं एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।उत्तराखंड से आए हुए प्रशिक्षक जगदीश ने सेतु मित्रो को कई प्रकार के खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता और लीडरशिप के गुण सिखाए। तरुण चेतना के निदेशक मो० नसीम अंसारी से कहा कि परियोजना का उद्देश्य समुदाय तक स्वास्थ्य की सेवाओं की आसानी से पहुंच बनाना है, जिसे सेतु मित्र के माध्यम से बखूबी किया जा सकता है। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सेतु परियोजना की रिसर्च मैनेजर कुमुद टेरेसा और रिसर्च ऑफिसर श्याम शंकर शुक्ल द्वारा अपने सहयोगी शहीद अहमद, हकीम अंसारी और हुसनारा बानो के सहयोग से प्रशिक्षण की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभाई गई।



## दरोगा के बंद मकान को खंगाल ले गए चोर

**बेलखरनाथ धाम।** लखनऊ महानगर में तैनात उप निरीक्षक के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए घर में रखा लाखों रुपये के जेवरात व गृहस्थी के सामान उठा ले गए। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गनईडीह निवासी नंद किशोर दुबे लखनऊ में उप निरीक्षक है।शुक्रवार की सुबह नंद किशोर गांव पहुंचे तो घर दरवाजा का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। घर के अंदर सामान तितर-बितर था अटैची आलमारी टूटी हुई थी। चोरों ने आलमारी में रखी दो सोने की अंगूठी,चांदी के पायल, बेटे के शादी में मिला बर्तन विस्तर गैस सिलेंडर चूल्हा साइकिल उठा ले गए थे। पीड़ित दारोगा ने दिलीपपुर पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।एसओ दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व चोरी का मामला सामने आया था तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मातृ दिवस पर बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




**प्रतापगढ़।** धधुआ गाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस का समारोहपूर्वक आयोजन हुआ। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता झांकियां व गीत व भावनृत्य के मनोहारी कार्यक्रम देख अभिवावक मंत्रमुग्ध दिखे। वहीं कार्यक्रम में प्रस्तुत हुआ नाटक भी सराहा गया। विद्यालय द्वारा मातृशक्तियों की हौंसला आफजाई के लिए प्रतियोगिता में भी सहभागिता दिखी। बतौर मुख्य अतिथि निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि देश व समाज के निर्माण में मातृशक्ति सदैव सशक्त भूमिका में है। बतौर मुख्य अतिथि डॉ0 सौरभ मिश्र ने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल व स्वागत प्रधानाचार्य मनोज कुमार ओझा ने किया। कार्यक्रम का संचालन सोनी शुक्ला ने किया। इस मौके पर योगेंद्र शुक्ला, महेंद्र पाठक, गरिमा मिश्रा, आन्द्रे डिसुलुआ आदि रहे।

# डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नया पुरवा का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नयापुरवा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय पाया कि प्रधानाध्यापक बिना सूचना के उच्च प्राथमिक विद्यालय में अनुपस्थित थे। विद्यालय में कम्पोजिट ग्रांट की पत्रावली उपलब्ध नहीं थी । ईको क्लब नियमानुसार संचालित नहीं किया जा रहा है। उपचारात्मक शिक्षण नियमानुसार संचालित नहीं किया गया। विद्यालय परिसर में झाड़ झंखाड़ उगे हुये हैं। शौचालय एवं विद्यालय परिसर अत्यधिक गंदा पाया गया। प्र0अ0 द्वारा नया नामांकन बढ़ाये जाने में रुचि न लेना। मध्याहन भोजन में छात्र संख्या बढ़ाकर दशार्या जाना। प्र०अ० द्वारा यू-डायस तथा डी०बी०टी० कार्यो में रुचि न लेना। प्र0अ0 द्वारा विभागीय कार्यों तथा शिक्षण कार्य में रुचि न लेना सहित अन्य कमियां पाई, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी को उच्च प्राथमिक विद्यालय नयापुरवा के प्रधानाध्यापक लवकुश कुमार गुप्ता व अन्य स्टाफ को कार्य में रुचि न लेने, लापरवाही व अनियमितता बरतने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नयापुरवा के प्रधानाध्यापक लवकुश कुमार गुप्ता को निलंबित किए जाने की कार्यवाही करने व विद्यालय के समस्त स्टाफ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के लिए कहा है।

निरीक्षण में प्रधानाध्यापक व अन्य स्टाफ द्वारा कार्य में रुचि न लेने, लापरवाही व अनियमितता बरतने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही किए जाने के दिए निर्देश

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नयापुरवा के प्रधानाध्यापक श्री लवकुश कुमार गुप्ता को निलंबित करने व समस्त स्टाफ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की कार्यवाही के दिए निर्देश

# प्रसव के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से महिला की मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहदा के रहने वाले अरुण कुमार मौर्य की पत्नी पूनम देवी उम्र लगभग 22 वर्ष की प्रसव के दौरान मंझनपुर जिला अस्पताल मेडिकल कालेज के चिकित्सकों की लापरवाही से इलाज के दौरान मौत हो गई मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर दो अंबेडकर नगर के रहने वाले नन्हे लाल ने अपनी पुत्री पूनम की शादी नवंबर 2023 में लोहदा के रहने वाले अरुण कुमार के साथ किया था।महिला पूनम देवी को शनिवार की सुबह लगभग 8:00 बजे प्रसव पीड़ा होते ही डिलीवरी करवाने के लिए परिजन जिला अस्पताल ले गए थे। प्रसव पीड़िता ने लगभग 12:00 बजे एक सुंदर कन्या को जन्म दिया कुछ ही देर बाद विवाहिता की तड़प तड़प कर जिला अस्पताल में मौत हो गई विवाहिता की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### वीर सपूतों एवं भारत सरकार के हौसला अफजाई के लिए भरवारी में एक नुक्कड़ सभा जुलूस




**भरवारी कौशाम्बी** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध में भारत के वीर सपूतों एवं भारत सरकार के हौसला अफजाई के लिए भरवारी में एक नुक्कड़ सभा करके उनके विजय की कामना महिला व्यापार मंडल भरवारी के नेतृत्व में किया गया व्यापार मंडल के नगर कोषाध्यक्ष अखिलेश कौशल के प्रतिष्ठान पर सभी महिला व्यापारी एवं व्यापारी एकत्र होकर रेलवे फाटक तक एक जुलूस के रूप पहुँचे और देश की आन बान शान माता एवं बहनों के सिंदूर की रक्षा करने वाले देश के वीर जवानों के हौसला अफजाई करने की संदेश देने का कार्य किया इस मौके पर अनीता केशरवानी अध्यक्ष राजेश अग्रहरि महामंत्री प्रीती केशरवानी माधुरी मोदनवाल अनीता कौशल मधु गुप्ता शशी बाला केशरी रेखा केशर वानी दिव्या केशर वानी अंजना केशर वानी निशा केशर वानी अर्चना केशर वानी रीता केशर वानी मधु केशर वानी सपना केशर वानी सरला केशर वानी प्रवेश केशर सवानी अखिलेश कौशल संजय बैटरी कृष्ण चंद्र वैश्य आदि लोग मौजूद थे '

### एसपी ने किया संदीपन घाट थाना का निरीक्षण




**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को संदीपन घाट थाना का निरीक्षण किया है और व्यवस्था की जानकारी ली है पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा थाना संदीपनघाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दी गृह, अपराध रजिस्टर, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को एसपी ने चेक किया अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इसी क्रम में महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क, मेस, बैरक एवं थाना परिसर की साफ-सफाई का एसपी ने निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए तत्पश्चात थाना संदीपनघाट के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर हस्तांतरण के सम्बन्ध में उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

### आपातकालीन समय में प्राथमिक उपचार दिए जाने वाली सुविधाओं से एंबुलेंस कर्मियों को किया प्रशिक्षित




**कौशाम्बी** एंबुलेंस चालकों को प्रशिक्षित करने के लिए जनपद के चायल सीएचसी में 102 वा 108 एम्बुलेंस के पायलेट का एक दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ है प्रशिक्षण के दौरान आपातकालीन स्थिति में घायल लोगों की मदद करके उनका उपचार करके कैसे जान बचाना है इस बारे में लोगों ने अपने अनुभव को साझा किया है 102 वा 108 एम्बुलेंस के कौशाम्बी फतेहपुर बांदा , चित्रकूट के एंबुलेंस चालक शामिल हुए हैं रिफ्रेश ट्रेनिंग कौशाम्बी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में शुरू किया गया जिसमें कौशाम्बी के प्रोग्राम मैनेजर ओम प्रकाश मिश्रा और ई एम ई नितिन कुमार भी एंबुलेंस चालकों के इस प्रशिक्षण में मौजूद रहे आपातकालीन समय में घायल लोगों की कैसे मदद करना है उनकी जान कैसे बचानी है इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक मुक्तेश द्विवेदी ने एंबुलेंस चालकों को प्रशिक्षित करते हुए विभिन्न प्रकार के नियम कानून और अनुभव बताए हैं आरएम छमा सागर सिंह रोहित चंद्र रोहित पांडेय अनुराग प्रसाद प्रकाश मिश्रा अन्य जिले के पीएम आदि ने एंबुलेंस चालकों के साथ साझा किया है।

### बसुहार में प्री प्राइमरी से इंटर कालेज तक कैम्पोजिट विद्यालय का हुआ भूमि पूजन



**कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड के बसुहार ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की पहल से मुख्यमंत्री मॉडल कैम्पोजिट विद्यालय की सौगात क्षेत्र वासियों को मिली है जिससे शिक्षा का स्तर अधिक मजबूत होगा और बच्चो के भविष्य की नीव पुष्ट होगी। विद्यालय का शिलान्यास भूमि पूजन से आरंभ हुआ जिसके मुख्य अतिथि कौशाम्बी जिलापंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर रहे भूमि पूजन को आगे बढ़ाते हुए ग्राम प्रधान तीरथ सिंह सहित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कलेंद्र कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विधिविधान से भूमि पूजन संपन्न कराया गया इस अवसर पर बृजेंद्र नारायण मिश्र, दुर्गेशनंदन मिश्र , सुखनारायण तिवारी उमाकांत पांडेय रमाशंकर मिश्र बाल कृष्ण त्रिपाठी कैलाश मिश्र सरवन ओझा जय नारायण मिश्र सुकरान मिश्र प्रेम नारायण तिवारी मनोज कुमार गाना लाल सरोज सूबेदार सरोज आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पत्रकार के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसमूह



**भरवारी कौशाम्बी** पत्रकार धनराज सिंह निवासी रामपुर धमावा सिराथू की शुक्रवार को असमय मौत के बाद उनके समर्थकों परिजनों को गहरा सदमा लगा है धनराज सिंह क्षत्रिय महासभा के कौशाम्बी जिला अध्यक्ष भी रहे शनिवार को कड़ा क्षेत्र में उनका अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में तमाम पत्रकार नेता समाज सेवी सहित जनसत्ता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार राजीव सिंह बलबीर सिंह सहित हजारों लोग शामिल हुए और उन्हें अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि दी।

### ट्रांसफार्मर से कीमती कलपुर्जे, तेल चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 12 राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे लगे 400 केवी के ट्रांसफार्मर से कीमती कलपुर्जे और तेल को मनबढ़ चोरों ने निकाल लिए हैं सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक बीती रात लगभग 12.40 पर अझुवा की विद्युत सप्लाई बंद हो गई ।सप्लाई बंद होने से मोबाइल टावर आदि की सप्लाई भी बंद हो गई मोबाइल टावर और उपभोक्ताओं ने सप्लाई के बाबत पता किया तो जानकारी मिली कि सप्लाई में फाल्ट हो गया जिस पर विद्युत कर्मियों ने लोधन के पुरवा की तरफ जा रही सप्लाई को बंद कर नगर पंचायत अझुवा में सप्लाई शुरू कराई है, लेकिन वार्ड नंबर 12 नयानगर हाईवे की सप्लाई बाधित रही सुबह वार्ड नंबर 12 हाईवे के निवासियों ने देखा कि 400 केवी के ट्रांसफार्मर खुला है उसमें से कीमती तेल और ट्रांसफार्मर के अंदर लगे कलपुर्जे गायब थे कुछ विद्युत कर्मियों के अनुसार चोरों ने विद्युत सप्लाई में चेन डालकर ट्रांसफार्मर में आ रहे 11 हजार सप्लाई तार काटकर ये कीमती चोरी की है। इस बाबत जेई महेंद्र नाथ ने बताया उक्त ट्रांसफार्मर से 185 उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन दिया गया है, चोरों ने दुस्साहसिक कार्य कर चोरी की है, जिसकी सूचना पुलिस विभाग में दी गई है उपभोक्ताओं को शीघ्र ही विद्युत सप्लाई उपलब्ध कराई जाएगी।वहीं नगर वासियों के अनुसार ये बड़ी चोरी वही कर सकता है जो विद्युत संबंधित कार्य करना जानता है वही क्षेत्रीय पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा की एक किशोरी बीते 7 मई शाम को शौच गई थी जब देर तक घर नहीं पहुंची तो उसकी मां ढूंढते हुए खेत की तरफ गई जहां किशोरी रोते हुए बताया कि संदीप और उसके मामा ने हाथ पकड़ कर मुंह दबा दिए और छेड़खानी की है किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

## संगठित अपराधों को बढ़ावा देकर वसूली में लिप्त चौकी इंचार्ज को बर्खास्त किए जाने की उठी मांग

**संगठित अपराधों से फल फूल रहा है शमशाबाद पुलिस चौकी क्षेत्र**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली का शमशाबाद पुलिस चौकी क्षेत्र संगठित अपराध के मामले में हमेशा सुर्खियों में रहा है जुआ शराब सट्टा हरे पेड़ की कटान से लेकर के ओवरलोड वाहनों से वसूली के मामले में चौकी इंचार्ज शमशाबाद खाकी को कलंकित कर रहे हैं योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था को चौकी इंचार्ज पलीता लगाकर मालामाल हो रहे हैं पूरे दिन धन वसूली की सोच रखने वाले चौथी इंचार्ज को बर्खास्त का योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था को लागू किए जाने की मांग क्षेत्र की जनता ने पुलिस अधिकारियों से की है शमशाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज संगठित अपराध में लिप्त लोगों के संपर्क में बने हैं और क्षेत्र के मालक पिंजरे तेराहरा पूर्व सेलरहा राघवपुर सेलरहा पश्चिम शमशाबाद लच्छी पुर सहित कई गांव में धधक रही शराब की भट्टियों को बंद कराने के बजाय बड़ी लापरवाही बरत रहे हैं बताया जाता है की चौकी पुलिस के सिपाही शराब भट्टियों से 3000 महीने की एकजाई वसूल रहे हैं केवल शराब के धंधे से तीन लाख महीने से अधिक की वसूली शमशाबाद चौकी पुलिस कर रही है इतना ही नहीं शमशाबाद क्षेत्र में कई जेसीबी मशीन है खुलेआम सरकारी जमीन से मिट्टी की खुदाई कर रही हैं सरकारी भूमि से मिट्टी की खुदाई करने वाले जेसीबी संचालकों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है जबकि सरकारी जमीन में मिट्टी खनन रोकने के लिए लगातार डीएम से लेकर के एसडीएम तक निर्देशित कर रहे हैं लेकिन चौकी इंचार्ज राजा है तो इनके संरक्षण में तो सरकारी जमीन से मिट्टी खनन को कौन रोकेगा बताया जाता है कि 2000 डेली की वसूली जेसीवी से हो रही है इलाके में लकड़ी माफिया हरे फलदार पेड़ के कटान में प्रतिदिन सुबह से गांव क्षेत्र में निकल जाते हैं दर्जनों हरे फलदार पेड़ प्रतिदिन इलाके में काटे जाते हैं लेकिन लकड़ी के कटान में भी माफियाओं पर कार्रवाई नहीं हो रही है। महीने में सैकड़ो हरे पेड़ इलाके में काटे जा रहे हैं जिससे हरियाली नष्ट हो रही है इलाके में जुए के अड्डे और सट्टे का खेल भी इलाके में चरम पर चल रहा है इलाके में कई स्थानों पर गाँजा की भी बिक्री खुले आम हो रही है। ओवरलोड बालू वाहनों से भी शमशाबाद चौकी पुलिस आधी रात को वसूली करते देखे जाते हैं कानून व्यवस्था से मतलब नहीं है क्षेत्र में अपराध बढ़े है अपराधी बेखौफ है। क्षेत्र में अपराध चरम पर है आम जनता न्याय के लिए भटक रही है जमीनी विवाद के मामले में भी चौकी पुलिस धन वसूली तक सीमित है जिससे आम जनता को न्याय नहीं मिल रहा है और जनता परेशान है शमशाबाद चौकी इंचार्ज के धन वसूली की यदि पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो इनके बड़े कारनामे खुलासे होंगे।

# लेखपाल कराए जमीन में कब्जा अदालत से मांगों न्याय

**अखंड भारत संदेश**

समाधान दिवस में पीड़ित ने लगाई धार्मिक स्थल से अतिक्रमण हटाने की गुहार, राजस्व के मिली भगत से मंदिर व कुआँ में उठा दिया दीवार सम्बंधित लेखपाल कब्जा के बाद भेज रहे सिविल न्यायालय



**कोखराज कौशाम्बी।** समाधान दिवस में एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने फरियादियों की समस्याओं को सुना जिसमें एक मामला बमरौली चौकी शहजाद पुर क्षेत्र के धार्मिक स्थल कुआँ व मंदिर के रास्ते मे दबंगो के द्वारा दीवार उठा कर कब्जा कर रास्ता बंद कर देने का सामने आया है पूर्व में तहसील दिवस में पीड़ित शिव कुमार जयसवाल पुत्र रामसरन जयसवाल ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर गुहार लगाई थी कि गाँव का ही अजय सिंह पुत्र मैकू लाल ने अपने दबंग लोगों के साथ मिल कर दीवार उठाना सुरु किया तभी शिवकुमार ने शिकायत दर्ज कराया लेकिन लेखपाल की मिली भगत से वह लगातार कब्जा करता रहा लेकिन चौकी प्रभारी व लेखपाल ने निर्माण नही रुकवाया अब दीवार उठ जाने के बाद लेखपाल ने नायब के साथ मौके से पहुँच कर स्पाट मेमो का हवाला देकर अपनी कलम बचाते हुए पीड़ित व्यक्ति को सिविल कोर्ट जाने को कह कर पल्ला झाड़ लिया जिससे आज पुनः समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कर एसओ कोखराज से न्याय की गुहार लगायी और मंदिर व कुआँ के रास्ते पर बनी दीवार को हटवाने के लिए कहा जिससे यह तो तय हो गया कि राजस्व विभाग आखिर इतना बड़ा खेल खेलने में तनिक भी चूकते जबकि ज्यादातर भूमि के मामलों में ही घटनाएं घटती है फिर भी जिले के मुखिया को गुमराह करने में कोई कोर कसर नही छोड़ते हैं जबकि न्याय की आस लेकर जाने वाले फरियादियों को अब समाधान दिवस में केवल राजस्व के जिम्मेदार केवल पिकनिक स्पॉट तक ही सीमित रह गए हैं फरियादियों की माने तो शिकायत करने के बाद लेखपाल केवल खाना पूर्ति करते हैं और फरियादी थाना ,तहसील व जिले के अधिकारियों की चौखट पर दौड़ लगाता रह जाता है लोगों का अब समाधान दिवस से विश्वास भी खत्म हो रहा है मौके पर 14 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें राजस्व के 7 मामलें 7 मामलें पुलिस से सम्बंधित आए जिसमें मौके से चार मामलों का निस्तारण कराया गया जबकि अन्य 10 मामलों को एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने कहा कि यदि मामलों में लगातार शिकायत मिली तो सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी राजस्व से जुड़े मामलों में पुलिस बल के साथ जा कर न्याय संगत कार्य करें मौके पर उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार, चौकी प्रभारी भरवारी धीरेन्द्र सिंह, हरीश तिवारी, सकील अहमद लेखपाल, देवेंद्र सिंह, उमेश केशरवानी, जगदीश सिंह, अमन सिंह,कृष्ण कुमार, सर्फराज हुसैन, सुमित केशरवानी, नित्या पाल, अर्पणा श्रीवास्तव, अनुराधा वर्मा आदि लोंगो की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

# रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन के बच्चों के लिए एक विशेष समर कैंप का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी** शिक्षा और रचनात्मकता को समर्पित रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन ने इस वर्ष भरवारी क्षेत्र के बच्चों के लिए एक विशेष समर कैंप का आयोजन करने की घोषणा की है। एनडी कान्वेंट स्कूल' में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस समर कैंप की जानकारी साझा की गई। यह कैंप गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को मनोरंजन और सीखने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन 14 मई 2025 को होगा जो कि 15 दिवसीय होगा 15 दिनों के समर कैंप के पश्चात समापन समारोह को बहुत ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा उन्होंने इस पहल को बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा,आज के समय में बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक, मानसिक और शारीरिक विकास की भी आवश्यकता है। यह समर कैंप उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। श्री गुप्ता ने घोषणा किया कि इस समर कैंप में क्षेत्र के सभी स्कूलों के छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं कार्यक्रम के आयोजक देव गुप्ता सहायक के तौर पर संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा होंगे। रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन की डायरेक्टर सीमा पवार ने समर कैंप की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा,इस कैंप को बच्चों की रूचियों और प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जहाँ वे सीखते हुए आनंदित होंगे।" वहीं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मयंक कुमार मिश्रा ने कहा कि,कैंप की सभी गतिविधियाँ अनुभवी प्रशिक्षकों की निगरानी में कराई जाएँगी, और बच्चों की सुरक्षा को पूरी तरह सुनिश्चित किया जाएगा। कार्टून कैरेक्टर द्वारा स्वागत, स्विमिंग, वॉटर रोलर जॉर्निंग बॉल, शावर रेन डांस, ताइक्वांडो, नॉन-फायर कुकिंग, नृत्य, गायन, वाद्य यंत्र वादन, आर्ट एंड क्राफ्ट, योग एवं इनडोर गेम्स जैसी रचनात्मक एवं आनंददायक गतिविधियाँ अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा बच्चों की सुरक्षा हेतु सभी मानकों का पालन किया जाएगा प्रमाण पत्र एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार दिया जाएगा रचनात्मक वातावरण एवं टीम भावना का विकास का प्रयास होगा यह समर कैंप केवल एक मनोरंजक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्म-विश्वास, नेतृत्व क्षमता और सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम है। यह समर कैंप पूर्णतया निशुल्क है रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन भरवारी क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह समर कैंप उसी कड़ी का एक नया अध्याय साबित होगा, जो नन्हें कदमों को ऊँची उड़ान भरने के लिए प्रेरित करेगा।रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया दिनांक 12 मई 2025 से प्रारंभ है।

## सांड के हमले से वृद्ध की दर्दनाक मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कमंगलपुर गांव की एक बाग में शनिवार को सांड़ ने वृद्ध को पटक-पटक कर मार डाला। बाग से भगाने के प्रयास में सांड़ ने वृद्ध पर हमला किया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कड़ा धाम कोतवाली के सुखधरपुर किठांव निवासी जगन सरोज (65) कमंगलपुर गांव में स्थित एक आम की बाग में रखवाली करता था। शनिवार की सुबह वह आग की बाग में गया तो वहां एक सांड़ गिरे हुए आम को खा रहा था। एक पेड़ को वह अपनी सींग से हिला भी रहा था। पेड़ टूटने का खतरा देख जगन ने उसे भगाने का प्रयास किया। इसी से सांड़ नाराज हो गया और उसने जगन को दौड़ा लिया। जान बचाने के लिए जगन ने एक पेड़ पर चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन वह चढ़ नहीं सका। इसीबीच सांड़ ने उसको जमीन पर पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जगन की चीख सुनकर खेतों में मौजूद लोग भागकर आए। किसी तरह सांड़ को भगाया गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वृद्ध की मौत से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

## नए कप्तान के आते ही भाग खड़ा हुआ पूर्व कप्तान का स्टोनो

**बड़े शहर में बंगला कोठी लग्जरी कार मोटा बैंक बैलेंस अर्जित अकूत संपत्ति के जांच की मांग**

**कौशाम्बी** पूर्व पुलिस कप्तान बृजेश श्रीवास्तव के कार्यकाल में एक सिपाही को स्टोनो की जिम्मेदारी दे करके पूरे पुलिस विभाग की व्यवस्था को संचालित कराई गई थी सिपाही से स्टोनो की जिम्मेवारी मिलते ही इस पुलिस कर्मी ने बेतहाशा धन वसूली शुरू कर दिया और पूर्व पुलिस कप्तान के कार्यकाल में स्टोनो बनकर इसने अकूत दौलत अर्जित की है बताया जाता है कि बड़े शहर में बंगला कोठी के साथ-साथ लग्जरी कार का मालिक यह कथित स्टोनो बन चुका है इतना ही नहीं मोटा बैंक बैलेंस सहित अकूत संपत्ति इस पुलिस कर्मी ने अर्जित की है सिपाही से पुलिस अधीक्षक का स्टोनो बने इस पुलिस कर्मी द्वारा अर्जित की गई अकूत संपत्ति की जांच किए जाने की आवाज बुलंद हो गई है पूर्व पुलिस कप्तान का स्थानांतरण गैर जनपद हो गया है और पूर्व पुलिस कप्तान के जाते ही सिपाही से स्टोनो बना यह पुलिसकर्मी जिला छोड़कर भाग खड़ा हुआ है जिससे उसकी गतिविधियों पर और तमाम सवाल खड़े हो गए हैं यदि इस सिपाही के अकूत संपत्ति की जांच कराई गई तो राजा महाराजा जैसे इसकी संपत्तियां उजागर होगी।

### ताश के पत्ते की तरह फेटे जा सकते हैं थानेदार

**कौशाम्बी** पूर्व पुलिस कप्तान बृजेश श्रीवास्तव का स्थानांतरण जिले से गैर जनपद होने के बाद नए पुलिस कप्तान राजेश कुमार ने दो दिनों पूर्व जिले में कार्यभार ग्रहण कर लिया है और जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर थाने का निरीक्षण भी उन्होंने शुरू कर दिया है सूत्र बताते हैं कि जिले के थानों में जल्द परिवर्तन हो सकते हैं कई थानेदार पैदल हो सकते हैं और कई नए लोगों को चार्ज मिल सकता है जिले में ताश के पत्ते की तरह थानेदार और चौकी इंचार्ज फेटे जा सकते हैं इस बात की चर्चा तेजी से हो रही है जिले के कई थाने और कोतवाली में मठाधीश की तरह कई थानेदार जमा है जिनके कार्यकाल में अपराध और संगठित अपराध तेजी से बढ़े हैं आम जनता को न्याय नहीं मिल रहा है और कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं अपराध नियंत्रण और आपराधिक घटनाओं का खुलासा करने में कई थानेदार फिसड्डी साबित हो रहे हैं।

## सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने भारत के 26 नागरिकों का नरसंहार कर दिया था। जिसके जवाब में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के नौ शहरों में दहशतगर्दों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया है। इससे तिलमिलाए पाकिस्तान लगातार भारत के रिहायशी इलाकों में ड्रोन व मिसाइल से हमले कर रहा है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट प्रचारित की गई है जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ है और हरे कपड़े पहने हुए एक शख्स को भारत माता के ऊपर पैर रखने की पोस्ट दिख रही है। कोखराज थाना अंतर्गत चौकी शहजादपुर प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष पाल ने बताया कि वह क्षेत्र भ्रमण में थे उसकी समय प्रचारित पोस्ट की जानकारी उन्हें ट्विटर माध्यम से प्राप्त की हुई। जिसकी गहन छानबीन करने पर पता चला कि जिस फेसबुक एकाउंट से यह पोस्ट की गई है वह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हरौली के मजरा भटपुरवा के अफसर अली पुत्र सैयद अली है। जिस पर उपनिरीक्षक की तहरीर पर युवक के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 व राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज करते हुए युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## छत से कूद रही किशोरी को पुलिस ने भेजा वन स्टॉप सेंटर

**टेढ़ीमोड़,कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक युवक से प्रेम करती है। दोनों के बीच धीरे धीरे प्रेम परवान चढ़ता गया और किशोरी आए दिन अपने घर से कई कई घंटे गायब रहने लगी। जब इसकी जानकारी किशोरी की मां को हुई तो किशोरी पर पाबंदी लगाने लगी। इस पर किशोरी की जिद और बढ़ गई। इसी को लेकर मां बेटी में अक्सर विवाद होने लगा। किशोरी अपने प्रेमी के साथ ही शादी करने को अड़ गई। शनिवार को सुबह भी इसी बात को लेकर मां और बेटी में तकरार हुई। जिससे क्षुब्ध होकर किशोरी घर की छत पर चढ़ गई और प्रेमी से शादी न करने पर छत से कूद कर जान देने की जिद कर बैठी। बेटी की इस हठ से मां के हाथ पांव फूल गए। हालात देखकर उसने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सारी गतिविधियों से अवगत कराया। सूचना पर नजदीक में रही मंझनपुर की पीआरबी पुलिस वैन मौके पर पहुंचकर किसी तरह किशोरी को छत से नीचे उतारा। कोखराज थाना क्षेत्र होने के कारण पीआरबी के सिपाहियों ने कोखराज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे शहजादपुर चौकी प्रभारी मनीष पाल ने पहले किशोरी को समझाया लेकिन मामला हल न होता देख पुलिस ने मां की तहरीर पर किशोरी को वन स्टॉप सेंटर मंझनपुर भेज दिया। किशोरी के पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

# लूट कर हिस्सा पहुंचाने वाले निलंबित पंचायत सचिव को स्वयं के अनुरोध पर कर दिया गया बहाल

बिकास भवन अफसर की मंशा तुम सरकारी रकम में लूट करो हिस्सा पहुंचाओ हम तुम्हारी सुरक्षा करेंगे

**कौशाम्बी।** सरकारी योजनाओं की रकम में हेरा फेरी कर भ्रष्टाचार करने वाले पंचायत सचिव पर बिकास भवन के अधिकारी मेहरबान है जिससे सरकारी योजनाओं की रकम में भ्रष्टाचार रुकता नहीं दिख रहा है और सरकारी योजनाओं के विकास के लिए केंद्र प्रदेश सरकार से मिलने वाले रकम में तेजी से घोटाले हो रहे हैं प्रतिदिन भ्रष्टाचार की शिकायत हो रही है तमाम मामले की जांच में ही लीपा पोती हो जाती है कुछ मामले प्रकाश में आते हैं शिकायतों के बाद दोषी पाए गए पंचायत सचिव को निलंबित किया जाता है लेकिन फिर उल्टी सीधी व्याख्या करके उन्हें बहाल कर फिर भ्रष्टाचार करने की छूट विकास भवन के अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है जिससे सरकारी खजाना सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रहा है जिले में जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी के गठ जोड़कर के चलते निलंबित पंचायत सचिव गलत व्याख्या से बहाल होकर फिर चार्ज पा रहे हैं और फिर वह भ्रष्टाचार कर सरकारी खजाने को चूना लगा रहे हैं पंचायत सचिव का जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी से गठ जोड़ के चलते सरकारी खजाने सुरक्षित नहीं रह गए हैं बीते दिनों पंचायत सचिव मनोज सोनी पर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगा जांच में दोषी पाए गए और इन्हें निलंबित कर दिया गया लेकिन निलंबन के बाद भ्रष्टाचार की रकम की रिकवरी नहीं हुई है और उसके बाद इन्हें अनंतिम बहाल कर दिया गया है जिससे अधिकारियों की मंशा पर फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर जिस पंचायत सचिव के कार्यकाल में सरकारी खजाने सुरक्षित नहीं है सरकारी खजाने में बड़े भ्रष्टाचार हो रहे हैं भ्रष्टाचार की मनसा लेकर नौकरी करने वाले लोगों को बर्खास्त करने के बजाय अफसर उन्हें फिर बहाल कर रहे हैं इसके पीछे अफसर की क्या भूमिका है यदि विभागीय चचाओं पर जाए तो अफसर की भी मंशा है की तुम लूट करो हिस्सा पहुंचाओ हम तुम्हारी सुरक्षा करेंगे अब इस व्यवस्था के तहत जिले का विकास कैसे होगा सरकारी रकम कैसे सुरक्षित होगी भ्रष्टाचारियों को शरण देने वाले इन अधिकारियों को निलंबित कर उनकी गिरफ्तारी कराकर इन्हे जेल भेजने की मांग आम जनता ने योगी सरकार से की है।

### घूसखोरी के बंटवारे को लेकर पंचायत सहायक और पंचायत सचिव के बीच भिड़ंत

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के कोसम खिराज ग्राम पंचायत में शुक्रवार दोपहर पंचायत सहायक अरुण कुमार और पंचायत सचिव रामगोविन्द के बीच तीखी झड़प हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। पंचायत सहायक अरुण कुमार ने आरोप लगाया कि सचिव रामगोविन्द व कंप्यूटर ऑपरेटर राज कुमार द्वारा किए जा रहे संदिग्ध भुगतानों का जब उन्होंने विरोध किया और फोटो खींचने लगा तो सचिव ने उनका फोन छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद कार्यालय का दरवाजा बंद कर उन्हें जमीन पर पटक कर पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई।दूसरी ओर सचिव रामगोविन्द, निवासी बंथरी थाना सराय अकिल, ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि वे नियमित कार्य कर रहे थे, तभी पंचायत सहायक अरुण कुमार ने उनका भुगतान रोकने का प्रयास किया और आईडी व पासवर्ड लेकर डे-बुक बंद कर दी। और मना करने पर अपने परिवारीजनों के साथ मारपीट की।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया अरुण कुमार और सचिव रामगोविन्द को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी कौशाम्बी भेजा गया। मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जितेंद्र शुक्ल, कपिल त्रिपाठी (समाज कल्याण), सचिव सुनील यादव और शुशील सिंह भी पहुंचे।कौशाम्बी प्रभारी कोतवाली कौशाम्बी उर्मिला सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य है

## सम्पादकीय

### बलूच विद्रोहियों के बढ़ते हमलों सहित अनेक समस्याओं से घिरा पाकिस्तान

**प्रधानमंत्री** मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना द्वारा मिसाइल हमलों के दो दिन बीत गये हैं, और इस बीच दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे पर हमले किये। नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों जगह एक जैसी तैयारियां देखने को मिल रही हैं, जो यह संकेत दे रही हैं कि पाकिस्तान 1999 में कारगिल युद्ध के बाद भारत के साथ एक और सैन्य टकराव के लिए तैयार हो रहा है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार रात को देशव्यापी संबोधन में भारत को चेतावनी दी कि वह अपने शहीदों के खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और दो अन्य प्रमुखों को भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया। पाकिस्तान में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जैसा कि 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने स्थिति थी, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 हिंदू पर्यटकों और एक स्थानीय मुस्लिम की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहां राजनीतिक दलों समेत पूरा देश पाकिस्तान सरकार से भारत से बदला लेने का आह्वान कर रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

इसी तरह पाकिस्तान में भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का जबरदस्त दबाव है। इमरान खान की पीटीआई समेत सभी राजनीतिक दलों ने उनका समर्थन किया है। सुरक्षा बल अब सैन्य कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। लेकिन जवाबी कार्रवाई का स्वरूप क्या होगा, यह पाकिस्तान के लिए बड़ी दुविधा बनी हुई है। क्या पाकिस्तान आर्थिक संकट और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा के एक हिस्से में गंभीर संकट की मौजूदा स्थिति में भारत में पूरी तरह सैन्य कार्रवाई कर सकता है?

भारतीय पक्ष लगातार कहता रहा है कि भारतीय वायुसेना ने उन नौ ठिकानों पर हमले किए, जहां समय-समय पर भारत पर हमले करने वाले आतंकवादी डेरा जमाये रहते हैं। इसका उद्देश्य केवल इन आतंकी शिविरों को नष्ट करना था। भारतीय वायुसेना ने किसी सैन्य स्थल पर हमला नहीं किया। पाकिस्तान इस बात से शायद ही इनकार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर यह आम धारणा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है।

-ललित गर्ग-

**मदर्स** डे या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है।

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है।

माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दशार्ता है।

मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थीह्ल एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है। भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया



है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये मातृ देवो भवः यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ ह्यमातृशक्तिह्ल की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया। एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महान् व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है। जबकि वस्तुस्थिति तो यह है कि माँ की गोद उसे नसीब होती कहाँ है? कुक्षि से बाहर आते ही उसे अलग पालने में सुला दिया जाता है। सोता है तो दूध की बोतल उसके मुँह से लगा दी जाती है। उसका लालप-पालन या देखरेख नर्स या आया के द्वारा होती है अथवा डे केयर सेंटर, बेबी केयर सेंटर में भेजकर कर्तव्यपूर्णता का लेबल लगा दिया जाता है। दो-ढाई वर्ष का होते ही नर्सरी में कम्प्यूटर द्वारा उसे अक्षर-बोध प्राप्त होता है। कुछ बड़ा होते ही उसे होस्टल में प्रविष्टि दिला दी जाती है। कितनी आधुनिक माताएँ तो ऐसी हैं जिन्हें अपने बच्चों से संवाद स्थापित करने का क्षण भी उपलब्ध नहीं होता। करें भी कैसे ? उन्हें अपने निजी कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं है। तब भला वह कैसे उन्हें बात-बात में तत्त्वबोध दें? कब मीठी-मीठी प्रेरक लोरियाँ सुनाकर संस्कारों की सौगात सौंपे? किस माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक मान-मयार्दाओं की अवगति दें?

# आपरेशन सिंदूर एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

- ललित गर्ग-

**पहलगाम** आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए ह्यआपरेशन सिंदूरह्ल की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ह्यआपरेशन सिंदूरह्ल में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

ह्यआपरेशन सिंदूरह्ल से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दशार्ते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया। भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं)




के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव ह्नक्षमा करो और भूल जाओह्ल को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है।

पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मयार्दा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है।

दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निदोर्षों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा। अब पाकिस्तान को यह भय भी सताएगा कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ कोई कदम उठाया गया तो उसे कहीं अधिक करारा जवाब मिलेगा।

उस जबाव का अर्थ होगा पाकिस्तान के सम्मुख संकटों के पहाड़ खडे. होना, वहां की अर्थ-व्यवस्था ध्वस्त होना, जनजीवन का परेशान होना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ना। भारतीय सेना को अब और भी ज्यादा मुस्तैद-सतर्क रहना होगा और बेहतर रणनीति के साथ तैयारी भी मजबूत रखनी होगी, ताकि पाकिस्तान की तरफ से अगर कोई जवाबी कार्रवाई होती है, तो उसका हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे सके।

# ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है मां

रमेश सर्राफ धमोरा

**मां एक** ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मो नेमां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे ) के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 11 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। एना जार्विस नामक अमेरिकन महिला ने अपनी समाजसेविका मां की स्मृति में 1908 में पहली बार मदर्स डे मनाया था। जिन्होंने महिलाओं के लिए काफी कार्य किए थे।



मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। ह्यमदर्स डेह्ल मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।

नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं।

# तेज रफ्तार डंफर ने मारी स्कूल बस को टक्कर, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी स्थित हाईवे पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रहे डंफर ने स्कूली बच्चों से भरी बस को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे बस में बैठे दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बच्चों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हाईवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आसपास मौजूद लोगों व राहगीरों ने बहादुरी दिखाते हुए न केवल घायल बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, बल्कि भागने की कोशिश कर रहे डंफर के ड्राइवर को वाहन सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है, जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चों की हालत गंभीर बताई है। उधर, पुलिस ने डंफर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि डंफर बेकाबू रफ्तार में था और ड्राइवर का नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो गया था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर स्पीड कंट्रोल और स्कूली बसों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।



स्कूल बस से टक्कर के बाद मौके पर लगी भीड़

# 60 बीघा पर सियासी साया भगवानदीन अब भी बेसहारा

**अखंड भारत संदेश**

- न्याय की चौखट पर ठिठुरा बुजुर्ग
- बुढ़ापे की साँसें बनी सवाल

**चित्रकूट।** जिले की न्याय व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जहां एक 90 वर्षीय बुजुर्ग किसान भगवानदीन सात वर्षों से न्याय की गुहार लगा रहा है, लेकिन आज भी उसे अपनी पुश्तैनी जमीन का हक नहीं मिल पाया। मामला सिर्फ.जमीन का नहीं, बल्कि सत्ता, धनबल और न्याय प्रणाली की निष्क्रियता का भी है- और एक ऐसा जीवंत दस्तावेज बन गया है जो प्रशासनिक संवेदनाओं को कटघरे में खड़ा करता है।

भगवानदीन ने 5 मई 2025 को जिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर इस सारे घटनाक्रम की जानकारी दी बताया कि 17 सितंबर 2017 को भगवानदीन ने एसडीएम कोर्ट, कर्वी में अपने जमीन के बंटवारे को लेकर एक वाद दाखिल किया। आरोप है कि विपक्षी ने अपने दबदबे और जुगाड़ तंत्र के जरिए यह मुकदमा एसडीएम कोर्ट में जीत लिया। लेकिन भगवानदीन ने हार नहीं मानी- बुजुर्ग शरीर लेकिन अदम्य आत्मा के साथ वह अपर आयुक्त, बांदा की अदालत पहुंचा। यहाँ न्याय की लौ थोड़ी सी जली- 2017 के आदेश को निरस्त कर दिया गया और भगवानदीन को राहत मिली। पर कहानी यहीं नहीं थमी-विपक्षी ने फिर राजनैतिक और आर्थिक रसूख के साथ आयुक्त न्यायालय में दूसरी अपील दायर की। 18 मार्च को आयुक्त कोर्ट ने आगामी आदेशों तक कार्यवाही पर रोक और यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए। परंतु, भगवानदीन का आरोप है कि विपक्षीगण इन आदेशों की खुलेआम अवहेलना कर रहा है और जमीन पर अवैध निर्माण जारी है। कहा कि अगर न्यायालय में जीत के बाद भी कब्जा न मिले, तो फिर न्याय का क्या अर्थ रह जाता है? बताया कि न्याय के इस इंतजार ने उनकी बुढ़ापे की साँसों को सवालों में बदल दिया है, क्या गरीब के लिए कोई कानून नहीं बचा?

**विपक्षी का जवाब**

इस संदर्भ में विपक्षी ने इन सारे आरोपों को नकारते हुआ भगवानदीन को झूठा बताया। आगे बताया कि पूरे प्रकरण पर सीएम की जांच चल रही है।

## मारकुंडी रेंज में चीतल की सड़क हादसे में मौत

**चित्रकूट।** जिले के रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी रेंज से एक मार्मिक व चिंताजनक घटना सामने आई है। बीती रात लगभग 2 बजे, मानिकपुर-सतना मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नर चीतल की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पीआरवी 112 ने तत्परता दिखाते हुए वन विभाग को सूचित किया। पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा किए गए पोस्टमॉर्टम में यह स्पष्ट हुआ कि चीतल की उम्र लगभग दो वर्ष थी और टक्कर के कारण उसे आंतरिक चोटें आई थीं, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। रानीपुर जैसे संरक्षित क्षेत्र के समीप वाहनों की बेतरतीब आवाजाही वन्यजीवों के लिए लगातार खतरा बनती जा रही है। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने वाले इन निरीह जीवों की रक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में स्पीड लिमिट, चेतावनी संकेतक और रात्रिकालीन निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाए।

# सोशल मीडिया की साजिश के पीछे छिपा सफेदपोश ट्रक माफिया

- वायरल वीडियो या सुनियोजित साजिश?
- ट्रक-चालान के बीच दलाल
- एआरटीओ का जोरदार पलटवार

**निरंजन पाण्डेय**

**चित्रकूट।** जिले की सड़कों से लेकर सोशल मीडिया के गलियारों तक इन दिनों एक वीडियो ने तहलका मचा रखा है। वीडियो में एक व्यक्ति खुलेआम यह आरोप लगाता है कि एआरटीओ ने उससे 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। जब उसने 15 हजार की सेवा राशि देने से इनकार किया, तो बदले में उसकी गाड़ी का 15 हजार रुपये का चालान काट दिया गया। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, पूरा जिला इस मुद्दे पर खिचड़ी की तरह खौलने लगा- हर गली, हर नुक्कड़ पर चर्चा गर्म हो गई। मगर पत्रकारिता का उसूल कहता है जनाब- आधा सच, पूरा झूठ होता है। और जब एआरटीओ का पक्ष सामने आया, तो कहानी की शक्ल ही बदल गई।

एआरटीओ ने बड़ी सादगी मगर साफगोई से बताया कि सारे आरोप कोरी कपोल-कल्पना हैं, एक साजिश के तहत उनकी छवि को दागदार करने की कोशिश की जा रही है। स्पष्ट किया कि संबंधित गाड़ी- जिसका नंबर यूपी 96एच 8962 है- का चालान वाकई किया गया था, लेकिन वो चालान 15 हजार का नहीं, बल्कि केवल 8 हजार रुपये का था। और वजहें भी किसी आम चालान जैसी नहीं थीं। गाड़ी पर हेलमेट नहीं था, नंबर प्लेट न केवल गैरकानूनी थी बल्कि उस पर जातिवादी शब्दों का प्रयोग भी किया गया था, और बीमा तक नहीं कराया गया था। कहने का मतलब- ऊपर से सजी हुई थाली, पर अंदर से जहर।



एआरटीओ ने जारी की बिना नियमों के बाइक चलाते आरोपी

एआरटीओ ने सवाल भी उठाया कि जब चालान 4 मार्च को हुआ था, तो अब- 8 मई को विरोध क्यों?

### समाजसेवी की चौंकाने वाली बात

स्थानीय निवासी एवं समाजसेवी संजय राणा ने इस पूरे मामले में बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि कुछ दलाल प्रवृत्ति के लोगों ने उन्हें भी एक भारी ट्रक को बिना जांच छोड़वाने के लिए उकसाया था। संजय राणा ने ऐसे तत्वों को कानून.व्यवस्था के लिए खतरा बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने तल्ख लहजे में बताया कि कुछ दलाल किस्म के लोग उन पर लोडेड ट्रक को बिना जांच छोड़े जाने का दबाव बना रहे थे, मगर जब उन्होंने नियमों की लकीर को सीधा रखा, तो वही लोग अब भेड़ की खाल में भेड़िए बनकर सामने आ गए हैं। कहा कि यह पूरी मुहिम एक सुव्यवस्थित साजिश है, जिसमें जातिवादी मानसिकता के कुछ तत्व व स्थानीय दलालों का गठजोड़ उनकी छवि को मिट्टी में मिलाने पर आमादा है। दो टूक कहा कि मैं झुकेगा नहीं। साजिशकर्ताओं को नोटिस भेजकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## खबरों की आड़ में कमाई का धंधा : संजय सिंह राणा

**दलालों पर खोली पोल**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में परिवहन विभाग के आसपास अब एक गहरी साजिश की परतें खुलने लगी हैं। मामला केवल चालान या वायरल वीडियो तक सीमित नहीं है, बल्कि अब यह उन ताकतों के इशारे पर चल रहा है जो व्यवस्था में दलाली और दबाव की दीमक बन चुकी हैं। समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार संजय राणा ने खुलासा करते हुए बताया कि कुछ दलाल प्रवृत्ति के लोगों ने उनसे भी संपर्क कर एक ट्रक को विभागीय प्रक्रिया से हटाकर छुडवाने की मांग की थी। उन्होंने ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। बड़ा सवाल है कि परिवहन कार्यालय में अब तथाकथित पत्रकारों का एक नया वर्ग सक्रिय हो चुका है, जो पत्रकारिता की आड़ में निजी हित साधने की फिराक में रहता है। ये लोग अफसरों पर अपने चहेतों के लाइसेंस, फिटनेस और परमिट संबंधी कार्यों के लिए नियमविरोधी दबाव बनाते हैं। जब अधिकारी शासन की नियमावली के अनुसार कार्य करते हैं, तो यही लोग सोशल मीडिया पर विभाग को भ्रष्ट और जनविरोधी साबित करने लगते हैं। ऐसे तथाकथित लोग कैमरे व माइक की आड़ में अधिकारियों को धमकाकर ये मोटी रकम वसूलने की फिराक में रहते हैं। संजय राणा के अनुसार, यदि ऐसे दलाल पत्रकारों और फर्जी समाजसेवियों पर समय रहते अंकुश न लगाया गया, तो विभाग की ईमानदार छवि और शासन की साख दोनों मिट्टी में मिल सकती हैं।




समाजसेवी संजय राणा

## चित्रकूट विश्वविद्यालय ने सेना के जवानों के लिए खोला शिक्षा का विशेष द्वार

**जहाँ वर्दी हो इम्तिहान से ऊपर**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश की सेवा में समर्पित भारतीय सेना के जवानों के लिए महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने एक सराहनीय व संवेदनशील निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि 15 से 31 मई के बीच आयोजित दूरवर्ती मोड की परीक्षाओं में जो सैनिक अपने सैन्य दायित्वों के कारण शामिल नहीं हो सकेंगे, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के विशेष परीक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह निर्णय उन वीर जवानों के प्रति विश्वविद्यालय की सम्मानपूर्ण भावना और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि भारतीय सैनिक मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की बाजी लगाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्रवाइयों में उनकी वीरता और बलिदान ने देशवासियों का मनोबल ऊंचा किया है। ऐसे में शिक्षा की ओर उनके कदमों को रोकना अनुचित होगा। बताया कि विश्वविद्यालय का यह निर्णय देश के जवानों को सम्मान देने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। दूरवर्ती शिक्षा केंद्र के निदेशक डॉ कमलेश कुमार थापक ने बताया दी कि विशेष परीक्षा की समय-सारणी सैनिकों की सुविधा के अनुसार पृथक रूप से जारी की जाएगी। यह निर्णय न केवल शिक्षा और राष्ट्रसेवा के बीच सामंजस्य का प्रतीक है, बल्कि यह एक ऐसा उदाहरण भी है जो देश के अन्य शैक्षणिक संस्थानों को भी प्रेरित कर सकता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत ने रचा नया कीर्तिमान, एक ही दिन में 1.07 लाख मामलों का निस्तारण

**5.6 करोड़ से अधिक की वसूली**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद न्यायालय में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर आयोजित इस एकदिनी अभियान में कुल 1,07,170 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। इसके तहत 5,60,91,250 रूपए की वसूली अर्थदण्ड प्रतिकर व बैंक ऋण के रूप में की गई, जो न्यायपालिका की लोकहित में सक्रियता और जनता की न्याय तक पहुंच का बेहतरीन उदाहरण है।



लोक अदालत में मौजूद अतिथिगण

जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित इस लोक अदालत की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने की। विभिन्न न्यायिक अधिकारियों ने 3277 वादों का व्यक्तिगत रूप से निस्तारण किया, जिनमें विशेष रूप से एमएसीटी न्यायाधीश श्रीकृष्ण यादव ने 22 मामलों में 1.85 करोड़ और परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव द्वारा 21 मामलों में 7.07 लाख दिलाना उल्लेखनीय रहा। साथ ही 12 बिछड़े जोड़ों को आपसी सुलह से फिर से एक कर दिया गया। सिविल व फौजदारी न्यायालयों एफटीसीसीए पाक्सो कोर्ट ग्राम न्यायालयए व अन्य न्यायिक इकाइयों की सहभागिता से न केवल न्यायालयों पर भार कम हुआ बल्कि समाज में न्याय के प्रति भरोसे की नींव भी और मजबूत हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि न्यायिक इकाइयों के अतिरिक्त राजस्व व बैंक विभागों द्वारा 103893 मामलों में 3.31 करोड़ की वसूली की गई। यह आयोजन जनहित और न्याय सुलभता की दिशा में एक अनुकरणीय कदम सिद्ध हुआ है।

### ट्रेन से गिरकर राजमिस्त्री की मौत, बेटी के घर रुपए लेकर जा रहे थे कामता प्रसाद

**चित्रकूट।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में राजमिस्त्री कामता प्रसाद आरख की मौत हो गई। घटना बेड़ी पुलिया के पास हुई, जब कामता प्रसाद चलते ट्रेन से गिर पड़े। कामता प्रसाद, मूलतः पहाड़ी थाना क्षेत्र के बछरन के जमाहिल गांव के निवासी थे। वे शुक्रवार की सुबह लगभग 7 बजे कर्वी रेलवे स्टेशन से बरौनी एक्सप्रेस में सवार होकर बांदा जिले के बदौसा स्थित अपनी बेटी रेखा देवी के घर जा रहे थे। रेखा ने हाल ही में रामघाट क्षेत्र में एक प्लाट लिया था और उसमें हैंडपंप लगवाने के लिए कामता प्रसाद कुछ पैसे लेकर वहां जा रहे थे। जब वे बदौसा घर नहीं पहुंचे, तो परिवार को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू की। कुछ देर बाद, बेड़ी पुलिया के समीप अहमद नगर में रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। परिवार जब मौके पर पहुंचा, तो शव की पहचान कामता प्रसाद के रूप में की गई। कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने पुष्टि की कि मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई है।

### गांजा समेत आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी के दारोगा इन्द्रजीत गौतम व उनकी टीम दारोगा अंशुल कुमार, सिपाही राहुल देव व साकिर हुसैन ने आरोपी महेन्द्र सिंह निवासी मलवारा मजरा खटवारा थाना राजापुर को 10 किलोग्राम सूखा नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।




# चित्रकूट की धरती पर गूंजा अपना दल (एस) का जयघोष

**संगठनात्मक शक्ति का दिखा प्रदर्शन**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की राजनीतिक फिजाओं में आज अपना दल (एस) की हुंकार गूंज उठी, जब विधानसभा चित्रकूट कर्वी सदर 236 एवं मानिकपुर क्षेत्र में मासिक संगठनात्मक बैठकें पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ हुईं। ग्राम पंचायत छपरा माफी के मजरा पौशलहा तथा ग्राम खिचड़ी में आयोजित इन बैठकों का नेतृत्व क्रमशः विधानसभा प्रभारी मंगल सिंह पटेल, अध्यक्ष दिलीप सिंह, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी राजेश पटेल बुलबुल तथा अध्यक्ष दादू राजा कोल ने किया। इस मौके पर अपने-अपने क्षेत्रों के समर्पित कार्यकताओं और समाजसेवियों की भारी भागीदारी ने कार्यक्रम को जनचेतना के महोत्सव में बदल दिया। कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बनता था। राष्ट्रीय अध्यक्ष जिंदाबाद, डॉ सोनेलाल पटेल अमर रहें और अपना दल एस जिंदाबाद जैसे नारों से गाँव की गलियाँ गूंज उठीं। यह सभा केवल एक बैठक नहीं थी, यह जनसंगठन की ताकत, सामाजिक चेतना और विचारधारा के प्रति निष्ठा का जीवंत प्रदर्शन था। अपना दल (एस) के कार्यकताओं ने दिखा दिया कि पार्टी की जड़ें गाँव-गाँव में मजबूत हैं और संगठन हर स्तर पर सक्रिय एवं सजग है।

बैठकों में नाथूराम पटेल (प्रदेश महासचिव, बौद्धिक मंच), नफीस अहमद (प्रदेश उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मंच), जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह, कोषाध्यक्ष जब्बर सिंह पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता फूल सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष राजाभैया सिंह चंदेल सहित सैकड़ों समर्पित नेता मौजूद रहे।



अपना दल (एस) की बैठक में कार्यकर्तागण

# सिंदूर का बदला : चित्रकूट से उठी जयघोष, बेटियों की वीरता को सलाम

**चित्रकूट।** जब सरहद पर दुश्मन गोली चलाता है, तो देश की बेटियाँ सिंदूर नहीं, शौर्य की मिसाल बन जाती हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की दो वीरांगनाओं द्वारा निभाई गई भूमिका को लेकर आज चित्रकूट की पावन धरती पर जयघोष गूंज उठा। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोभूमि, लाइना बाबा सिद्धपीठ मंदिर परिसर में देश की बेटियों को- कृतज्ञता व श्रद्धा के साथ नमन किया गया। जिसमे मंदिर प्रांगण में एक विशाल शांति हवन हुआ, जिसमें पुरुषों व महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी ने सिद्ध कर दिया कि जब देश पुकारता है, तो चित्रकूट तपोभूमि से भी आशीर्वाद की ज्वाला उठती है। हवन देश की रक्षा में लगे जवानों के विजय और कुशलता के लिए किया गया।



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर यज्ञ करते भाजपाई

पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि अब दुश्मन को उसकी ही भाषा में जवाब देना जरूरी था। सिंदूर सिर्फ मांग की रेखा नहीं, शौर्य की ललकार बन गया है। पूर्व सांसद ने कहा कि हमारे जवानों की बहादुरी ने उन आतंकियों को सबक सिखाया है जिन्होंने हमारे देश की बेटियों का सुहाग उजाड़ा था। हवन में पूर्व जिला अध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, क्षेत्रीय शोध प्रमुख पीएन सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, युवा साथी और मातृशक्ति की उपस्थिति ने माहौल को एक राष्ट्रभक्ति के महायज्ञ में बदल दिया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'न्यूनतम' 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ की पुष्टि की

**वाशिंगटन। अमेरिका** आयायित वस्तुओं पर कम से कम 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन के 'न्यूनतम' 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ की पुष्टि की है। हालांकि, यह कुछ देशों के लिए अपवाद की स्थिति भी हो सकती है। दक्षिण कोरिया और दूसरे देश नए अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव से बचने या उसे कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

ट्रंप की यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में देखी जा रही है, जिसमें ट्रंप से पूछा गया था कि क्या अमेरिकी निर्यात पर शून्य टैरिफ की पेशकश करने वाले देशों पर भी बेसलाइन टैरिफ प्रभावी रहेगा।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, "आपके पास हमेशा एक बेसलाइन होगी। हालांकि, किसी बिंदु पर अपवाद हो सकता है। हम देखेंगे कि कोई



हमारे लिए कुछ असाधारण करता है या नहीं।" उन्होंने कहा, "यह हमेशा संभव है, लेकिन मूल रूप से, आपके पास न्यूनतम 10 प्रतिशत की बेसलाइन है और उनमें से कुछ बहुत अधिक होंगी - 40 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 60 प्रतिशत, जैसा कि वे वर्षों से हमारे साथ कर रहे हैं।"

उन्होंने बताया कि चार-पांच और इससे ज्यादा व्यापार सौदे "तुरंत होने वाले हैं", लेकिन उन्होंने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि कौन से देश अमेरिका के साथ उन सौदों को तय करने जा रहे हैं। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को प्रभावी हो गया, जबकि ट्रंप ने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं और दूसरे संबंधित मुद्दों पर बातचीत करने की अनुमति देने के लिए दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत शुल्क सहित हाईर कंट्री-स्पेसिफिक 'रेसिप्रोकल' टैरिफ को 8 जुलाई तक रोक दिया। इस बीच, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि चीन और रूस के बीच निरंतर सहयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरे देशों को 'कम सुरक्षित' बना देगा, क्योंकि दोनों देशों के लीडर्स ने उत्तर कोरिया का बचाव करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया था। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने उत्तर कोरिया के खिलाफ एकतरफा उपाय और सैन्य दबाव की नीति को छोड़ने के लिए संबंधित राज्यों का आह्वान किया।

# मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से की बात, तनाव कम करने पर दिया जोर

**वाशिंगटन। भारत**-पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की। उन्होंने तनाव कम करने का आग्रह किया।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की। इस दौरान उन्होंने दोनों पक्षों से तनाव कम करने के तरीके खोजने का आग्रह किया और भविष्य में संघर्ष टालने के लिए रचनात्मक वार्ता शुरू करने में अमेरिका की सहायता की पेशकश की।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने असीम मुनीर से ऐसे समय में बात की है, जब पाकिस्तान की



ओर से भारतीय क्षेत्रों पर लगातार ड्रोन से हमला किया जा रहा है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है।

इससे पहले, व्हाइट हाउस ने बताया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जल्द से जल्द कम हो।

यह संदेश विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा दोनों पक्षों को दिया गया है, जो अस्थायी रूप से राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने नियमित ब्रीफिंग में कहा, "राष्ट्रपति ने कहा है कि वह इस तनाव को जल्द से जल्द कम होते देखना चाहते हैं। वह समझते हैं कि दोनों देश दशकों से एक-दूसरे के साथ मतभेद रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के ओवल ऑफिस में आने से बहुत पहले से उनके दोनों देशों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं।"

विदेश मंत्री रुबियो ने गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी, जिसके बाद पाकिस्तान बौखलाहट में भारत में सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमले कर रहा है।

## फंड लेकर सेना पर खर्च कर देता है पाकिस्तान, ब्रिटेन में हाई कमीश्नर ने कहा- हमने 30 वर्षों तक संयम बरता है

**पाकिस्तान**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच तनाव में वृद्धि और एलओसी पर संघर्षपूर्ण हालात ने दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच दशकों में पहली बार पूर्ण युद्ध की आशंका पैदा कर दी है। भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं में कुल मिलाकर करीब 2 मिलियन सशस्त्र बल कर्मी हैं। इसका मतलब है कि यह युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से लड़ाकों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ा युद्ध हो सकता है। पाकिस्तान के पास वैसे तो आटा खरीदने तक के पैसे नहीं हैं। लेकिन उधार की जिंदगी जीता मुल्क हथियारों और सेना के लिए कर्ज लेकर उसे आतंक को सपोर्ट करने के लिए लगा रहा है। पाकिस्तान को आईएमएफ की तरफ से 1 बिलियन डॉलर का लोन जारी करने को मंजूरी मिल गई है। यूनाइटेड किंगडम में भारत के हाई कमीशन ने बीबीसी रेडियो से बात करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर हमने 30 वर्षों तक संयम बरता है। पाकिस्तानी सरकार परमाणु शब्द का इस्तेमाल कर रही है।

## बातचीत बहाल करने के तरीके तलाशें दोनों पक्ष- मार्को रुबियो

**वाशिंगटन। भारत**-पाकिस्तान की तनावपूर्ण स्थिति के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। केंद्रीय मंत्री ने इसकी पुष्टि की। वहीं अमेरिकी विदेश विभाग ने भी बातचीत को लेकर एक बयान जारी किया है।

इस जयशंकर ने एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- सुबह अमेरिका के विदेश मंत्री रुबियो से बातचीत हुई। भारत का दृष्टिकोण हमेशा संतुलित और जिम्मेदाराना रहा है और आज भी ऐसा ही है।

वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस के हवाले से कहा गया कि, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। रुबियो ने दोनों पक्षों को तनाव कम करने और सीधी बातचीत बहाल करने के तरीके तलाशने की सलाह दी, ताकि गलतफहमी से बचा जा सके।

उन्होंने भविष्य के विवादों को टालने के लिए मदद की पेशकश करते हुए कहा कि 'अमेरिका ने रचनात्मक वार्ता का प्रस्ताव भी रखा है।'

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार सुबह पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की थी। उन्होंने तनाव कम करने का आग्रह किया। टैमी ब्रूस ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की। इस दौरान उन्होंने दोनों



पक्षों से तनाव कम करने के तरीके खोजने का आग्रह किया और भविष्य में संघर्ष टालने के लिए रचनात्मक वार्ता शुरू करने में अमेरिका की सहायता की पेशकश की। मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से ऐसे समय में बात की थी, जब पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्रों पर लगातार ड्रोन से हमला किया जा रहा है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। वहीं, भारतीय सेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया था कि भारत के हमले में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ है।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, "पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद तुरंत जवाबी हमले का एक्शन लिया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान पर पाक सैन्य ठिकानों पर सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से हमला किया गया। सियालकोट का एयरबेस भी टारगेट किया गया। कम से कम कोलेटरल डैमेज की क्षति हमने निश्चित की। पाकिस्तान ने नागरिक विमानों की आड़ लेकर अंतरराष्ट्रीय एयर रूट का गलत इस्तेमाल किया।"

## ट्रंप चाहते हैं भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम हो : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जल्द से जल्द कम हो। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह संदेश विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा दोनों पक्षों को दिया गया है, जो अस्थायी रूप से राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने नियमित ब्रीफिंग में कहा, "राष्ट्रपति ने कहा है कि वह इस तनाव को जल्द से जल्द कम होते देखना चाहते हैं। वह समझते हैं कि दोनों देश दशकों से एक-दूसरे के साथ मतभेद रखते हैं, राष्ट्रपति ट्रंप के ओवल ऑफिस में आने से बहुत पहले से। हालांकि, उनके दोनों देशों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं।" यह पूछे जाने पर कि



क्या राष्ट्रपति दोनों देशों के नेताओं से बात करने की योजना बना रहे हैं, लेविट ने कहा कि ऐसा होने पर वह पत्रकारों को बताएंगी। वर्तमान में, विदेश मंत्री रुबियो इस क्षेत्र में अमेरिकी भागीदारी का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह "इस संघर्ष को समाप्त करने की कोशिश में दोनों देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं।" विदेश मंत्री रुबियो ने गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान स्थित एक संगठन द्वारा किए गए आतंकवादी हमले में आम नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए, मंत्री रुबियो ने "भारत को पाकिस्तान के साथ मिलकर तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति तथा सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।"शरीफ को दिए गए संदेश में उन्होंने तनाव कम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही यह भी कहा कि पाकिस्तान को "आतंकवादी समूहों के लिए किसी भी तरह का समर्थन बंद करने" की आवश्यकता है, जो भारत के इस रुख का समर्थन करता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थक रहा है।

## मॉस्को में भव्य सैन्य परेड आयोजित, चीनी राष्ट्रपति समारोह में उपस्थित हुए




**बीजिंग। रूस** ने सोवियत संघ के महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध की जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मॉस्को के रेड स्क्वायर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और 20 से अधिक देशों व अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेताओं ने इस समारोह में भाग लिया। शी चिनफिंग ने क्रेमलिन पहुंचकर वहां उनका इंतजार कर रहे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सौहार्दपूर्ण ढंग से हाथ मिलाया। इसके बाद, राष्ट्रपति शी चिनफिंग और राष्ट्रपति पुतिन एक साथ रेड स्क्वायर तक गए और मुख्य मंच पर अपना स्थान ग्रहण किया। सुबह 10 बजे, सैन्य परेड शुरू हुई। राष्ट्रपति पुतिन ने भाषण देते हुए कहा कि सोवियत संघ ने करोड़ों लोगों की जान की कीमत पर समस्त मानव जाति के लिए शांति और स्वतंत्रता की रक्षा की। हम हमेशा विजय के क्षण को याद रखेंगे, अपने पूर्वजों की इच्छा को अपनाते हुए एकजुट रहकर पवित्र गौरव की सदैव रक्षा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी लोगों ने जापानी आक्रमण विरोधी युद्ध में बहादुरी से लड़ाई लड़ी और हम मानव जाति के लिए एक साझा भविष्य बनाने में उनके योगदान की अत्यधिक सराहना करते हैं। हम द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास को याद करते हैं और उससे सीखते हैं। जीत पवित्र होती है, इतिहास के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती और विजेताओं का अपमान नहीं किया जा सकता। इतिहास और न्याय सदैव हमारे पक्ष में हैं। इसके बाद, रूसी राष्ट्रीय गान बजाया गया, रेड स्क्वायर पर तोपों की सलामी दी गई और फिर भव्य सैन्य परेड शुरू हुई। चीन सहित 10 से अधिक देशों के सशस्त्र बलों को भी परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। चीनी सैनिकों की मार्चिंग परेड ने वीरतापूर्ण भावना के साथ रेड स्क्वायर पर मार्च किया, जिसमें चीनी सैनिकों का खास चीनी अंदाज देखा गया। जब चीनी सैनिक रेड स्क्वायर से गुजरे, तो राष्ट्रपति शी चिनफिंग उनका अभिवादन करने के लिए खड़े हुए। समारोह के बाद, शी चिनफिंग अन्य देशों के नेताओं के साथ रेड स्क्वायर से अलेक्जेंडर गार्डन तक पैदल चले, अज्ञात सैनिक की समाधि पर फूल चढ़ाए और मौन खड़े रहे। इसके बाद विभिन्न देशों के नेताओं ने सामूहिक फोटो खिंचवाई। शी चिनफिंग ने सोवियत संघ के महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध की जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए राष्ट्रपति पुतिन द्वारा आयोजित उत्सव भोज में भाग लिया।

## नए युग में चीन-रूस चतुमुर्खी रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के बारे में संयुक्त वक्तव्य

**बीजिंग। रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग 7 से 10 मई तक रूस की राजकीय यात्रा पर हैं। दोनों नेताओं ने मॉस्को में औपचारिक मुलाकात की और संयुक्त वक्तव्य जारी किया।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि पहला, इस साल चीनी जनता के जापानी आक्रमण विरोधी युद्ध, विश्व फासिस्ट विरोधी युद्ध और सोवियत संघ की महान देशभक्ति



युद्ध की विजय की 80वीं वर्षगांठ है। चीन और सोवियत संघ के लोगों ने विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ कठिन संघर्ष किया, एक-दूसरे की निःस्वार्थ सहायता की और महान विजय प्राप्त की। मानव गरिमा की रक्षा और विश्व शांति के पुनर्निर्माण में चीन और सोवियत संघ ने महान ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

दूसरा, विश्व फासिस्ट विरोधी युद्ध में दोनों देशों की गहरी दोस्ती और सहयोग की भावना से नए युग में चीन-रूस चतुमुर्खी रणनीतिक साझेदारी के लिए मजबूत आधार तैयार हुआ। अब दोनों पक्षों के समान प्रयास में चीन-रूस संबंध इतिहास में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचे और व्यापक व सतत से विकसित हो रहे हैं। चीन और रूस ने दुनिया के प्रमुख देशों और सबसे बड़े पड़ोसी देशों के बीच सहयोग की आदर्श मिसाल खड़ी की।

तीसरा, चीन और रूस एक-दूसरे का महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार हैं। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के विकास में मिली उपलब्धियों की प्रशंसा की। दोनों पक्षों का समान विचार है कि आपसी लाभ वाले सहयोग ने चीनी और रूसी लोगों की भलाई सुधारने में सक्रिय योगदान दिया। दोनों पक्ष दृढ़ता से स्वतंत्र रूप से द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी का विकास करने के अधिकार की दृढ़ता से रक्षा करते हैं।

चौथा, दोनों पक्ष संस्कृति और सभ्यता की विविधता का समर्थन करते हैं और निष्पक्ष, न्यायसंगत, खुले व समावेशी अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सहयोग में जुटे हैं। दोनों पक्ष पारंपरिक नैतिक मूल्य, सही ऐतिहासिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करेंगे।

पांचवां, दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के लक्ष्य और सिद्धांत का पालन करने को दोहराया। अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का निर्माण आम रुझान है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों से छेड़छाड़ करने की किसी भी कुचेष्टा का विरोध किया जाना होगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## चीन के विदेशी व्यापार में पहले चार महीनों में 2.4% की वृद्धि

**बीजिंग। चीनी** कस्टम प्रशासन के आंकड़ों से पता चला है कि इस साल के पहले चार महीनों में, चीन के माल के आयात और निर्यात का कुल मूल्य 141.4 खरब युआन था, जो साल-दर-साल 2.4% की वृद्धि थी। अप्रैल में, चीन का आयात और निर्यात कुल 38.4 खरब युआन था, जो साल-दर-साल 5.6% की वृद्धि थी। पिछले महीने की तुलना में, हालांकि निर्यात की वृद्धि दर गिरकर 9.3% पर आ गई, परंतु आयात में 0.8% की वृद्धि हुई। चीनी कस्टम प्रशासन के सांख्यिकी और विश्लेषण विभाग के निदेशक लुइ ताल्यांग ने कहा कि इस वर्ष की शुरूआत से, सभी क्षेत्रों और विभागों ने बाहरी झटकों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए मिलकर काम किया है, जिससे चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार जारी है और विदेशी व्यापार में लगातार वृद्धि जारी है। निर्यात और आयात की मात्रा को अलग-अलग देखें, तो पहले चार महीनों में चीन का निर्यात 83.9 खरब युआन था।

## व्यापार उदारीकरण और आर्थिक वैश्वीकरण के सकारात्मक परिणामों की रक्षा करनी चाहिए : चीन में नेपाली राजदूत

**बीजिंग। चाइना** मीडिया ग्रुप के अधीनस्थ सीजीटीएन (चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क) और चीन के हुपेइ प्रांत के वुहान शहर के प्रचार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चीनी और विदेशी मीडिया के बीच "चाइना वॉक" संयुक्त साक्षात्कार कार्यक्रम हाल ही में वुहान में आधिकारिक तौर पर चल रहा है।

वियतनाम, नेपाल, तुर्की और अन्य देशों के राजनयिकों और कई देशों के मुख्य मीडिया के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए चीन में



नेपाल के राजदूत कृष्ण प्रसाद ओली ने सीएमजी को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि वे वुहान में तेजी से हो रहे बदलावों से सचमुच आश्चर्यचकित हैं। उनका मानना है कि "बेल्ट एंड रोड" के सह-निर्माण से विश्व में समृद्धि और स्थिरता आई और सभी देशों को मिलकर व्यापार उदारीकरण और आर्थिक वैश्वीकरण के सकारात्मक परिणामों की रक्षा करनी चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि चीन नेपाल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और 2023 में चीन और नेपाल के बीच द्विपक्षीय व्यापार की मात्रा 1.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई है। ओली ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापार सहयोग से नेपाल को ठोस लाभ हुआ है। "मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण ने दुनिया में समृद्धि ला दी है। वैश्वीकरण बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि इसे जारी रहना चाहिए, न केवल नेपाल, बल्कि पूरे एशिया, विकासशील देशों और पूरी दुनिया को इससे लाभ होगा।" ओली ने कहा कि बेल्ट एंड रोड पहल विभिन्न सभ्यताओं को एक साथ लाती है और दुनिया में समृद्धि और स्थिरता लाती है। "बेल्ट एंड रोड पहल मानव जाति की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। हालांकि, इसे चीनी सरकार द्वारा शुरू किया गया, यह विभिन्न सभ्यताओं को एक साथ लाता है, अंतसंबंध के माध्यम से विकास और आदान-प्रदान लाता है।